* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 जून, 2024
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 229

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही




# हीट को बीट कर रहा रांची का वाइल्ड वादी वाटर पार्क

## छुट्टियों में वाटर पार्क बना बच्चों की मौज-मस्ती का अड्डा, परिवार संग सभी लोग कर रहे हैं मस्ती

**आजकल गर्मी अपने चरम सीमा पर है, ऐसे में लोग किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जहां उन्हें इस तपती गर्मी से राहत मिल सके. फैमिली और फ्रेंड्स के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए वाटर पार्क बेस्ट ऑप्शन है. यहां पर आप पूरी फैमिली एक साथ एंज्वॉय कर सकते हैं. बच्चों से लेकर बड़ों तक यहां सबके लिए अलग-अलग तरह के राइड्स मौजूद हैं.**

## Call Now : 9304816880



## अनोखा है, वाइल्ड वादी पार्क



राजधानी रांची के वाइल्ड वादी वाटर पार्क में आप परिवार के साथ गर्मी की छुट्टियों के मजे ले सकते हैं. यहां प्रकृति के बीच हर तरफ खिले फूलों और फैली हरियाली के बीच पानी के अंदर हंसों को घूमते देखना अच्छा लगता है. कई एकड़ के बड़े से एरिया में यहां आप सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक अच्छे से मस्ती कर सकते हैं. खूबसूरत पूल, छोटे-छोटे मनभावन झरने इस गर्मी में आपको शीतलता का एहसास कराते हैं. वहीं थ्रिलिंग राइड्स, डिफरेंट फ्लेवर मॉकटेल्स और कूल लोकेशन इसकी खासियत है. एडवेंचर के शौकीनों और वाटर स्पोर्ट के लिए ये जगह कई गतिविधियों का अनुभव देती है. बड़े एरिया में फैले इस शानदार वाटर पार्क को साल 2023 में खोला गया था. यह अपने वाटर एक्टिविटीज एवं खूबसूरत माहौल के लिए आस-पास के अन्य शहरों में भी फेमस है.

## वाइल्ड वादी के निदेशक शैलेन्द्र जायसवाल से खास बातचीत



**सवाल :** समर वेकेशन्स शुरू हो गए हैं, लोग वाइल्ड वादी वाटर पार्क ही क्यूं आयें?

**जवाब :** वाइल्ड वादी वाटर पार्क इसलिए आएं क्योंकि यहां टिकट की कीमत सबसे कम है जो झारखंड वासियों के पॉकेट का ख्याल रखकर किया गया है. यहां सोमवार से शुक्रवार तक टिकटों की कीमत प्रति व्यस्क 300/- रुपये है. अगर आपके पास मेंबरशिप कूपन है तो इसकी कीमत 150/- रु हो जाती है. शनिवार, रविवार एवं अवकाश के दिन टिकटों की कीमत प्रति व्यस्क 400/- रु. है. मेंबरशिप कूपन होने पर टिकट की कीमत मात्र 200/- रु. हो जाती है. एक वर्ष से छोटे बच्चे एवं दिव्यांगों का निःशुल्क प्रवेश है. एक वर्ष से उपर और तीन फीट से नीचे के बच्चों का फिक्स्ड 200/- रु चार्ज है. यहां लॉकर एवं कॉस्ट्यूम का कोई चार्ज नहीं लगता है साथ में सभी राइड फ्री हैं. यहां स्थित बर्ड पार्क में पक्षियों को दाना खिलाने के लिए 10 रु. का चार्ज लगाता है. ट्रम्पलिंन पार्क में जाने के लिए स्पेशल मोजे लगते हैं जिसका 20 रु. चार्ज लिया जाता है. कम कीमत में मनोरंजन के ज्यादा साधन हैं इसलिए वाइल्ड वादी आयें, परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों को भी साथ लेकर आएं.

**सवाल :** क्या पार्क में नाइट लाइट की भी व्यवस्था है?

**जवाब :** जी, बिल्कुल. यहां पर सूर्यास्त देखना मन को बहुत सूकून देता है और उसके बाद हल्के धीमें आवाज में रोमांटिक सॉग के साथ पूरे नाइट लाइट में परिवार और दोस्तों के साथ फोटो लेने का सुन्दर अवसर देता है. वाइल्ड वादी शाम ढलते ही काफी आकर्षक हो जाता है. यहां बेहद किफायती दरों पर नाइट स्टे की भी सुविधा है. अंधेरा होते ही यहां एक साथ हजारों लाइटें जगमगा उठती है. बड़ी संख्या में पर्यटक यहां रात में नाइट लाइफ भी देखने के लिए आते हैं, क्योंकि फ्लावर पार्क में जो लाइट्स लगी हुई हैं, वह रात में अत्यंत ही मनमोहक लगती है.

**सवाल :** पार्क में बच्चों और स्पोर्ट्स एडवेंचर के शौकीनों के लिए क्या है?

**जवाब :** पार्क में बच्चे सबसे पहले एमपीडब्ल्यूपीएस साथ ही टोट्स, रोप कोर्स, ट्रम्पलिन पार्क, बर्ड पार्क एवं विभिन्न प्रकार के एक्टीविटी का आनंद ले सकते हैं. पार्क में स्पोर्ट्स एडवेंचर के लिए हाइ स्पीड स्लाइड्स, पेंडूलम राइड्स, मल्टी लेन, वेब पूल, रेन डांस, जिप लाईन इन सब चीजों की सारी व्यवस्था है. जो आज के युवाओं के आकर्षण का केंद्र है. इसके साथ ही क्रिकेट सिमुलेशन में जो सुविधा मिल रही है वह भी युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों को काफी लुभा रही है.

**सवाल :** पार्क में लोगों को क्या अतिरिक्त सुविधाएं हैं?

**जवाब :** अतिरिक्त सुविधाओं में सबसे पहले हम यह मानते हैं कि कस्टमर ही हमारे लिए भगवान हैं. हम यह नहीं कहते कि हम सबसे बेहतर हैं. लेकिन हम सबसे बेहतर होने की दिशा में हमेशा अच्छा काम करते हैं. हमारा ऑफिस जो मल्टी लेन के नीचे हैं कभी भी कोई भी कस्टमर कोई भी फीडबैक देने आ सकते है और हम उसपर कार्य करते हैं. एक फीडबैक आया था कि गर्मी में पैर जलते हैं जिसके कारण पूरे पार्क में ग्रीन कार्पेट बिछाया गया साथ ही एक फीडबैक आया था कि रिफ्रेश होने के लिए शावर की अतिरिक्त व्यवस्था भी होनी चाहिए. हालांकि हमारे यहां पर दो अलग-अलग चेंजिंग रूम है जहां पर महिलाएं और पुरुष सेपरेटली चेजिंग रूम की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं. इसके अलावा वेब पूल में भी फ्रेश वाटर का शावर लगाया गया है. यह पार्क औरों की तुलना में काफी फ्लेक्सिबल है. यहां हमारे लिए हमारे अतिथि ही सर्वोपरि हैं. नियम काफी लचीले हैं. यह सिक्योरिटी डिपॉजिट, ड्रेस वियर, राइड्स के मामले को लेकर है. इनके ऊपर कोई रोक नहीं है, आप जिसमें कंफर्टेबल रहें. सबसे खास बात यह है कि कॉस्ट्यूम और लॉकर का अलग से कोई चार्ज नहीं लिया जाता है.

**सवाल :** पार्क पूरा घूमने में कितना टाइम लग सकता है?

**जवाब :** पार्क एक बड़े परिसर में फैला हुआ है. यहां काफी कुछ है, जिसे घूमने के लिए कम से कम पांच से छह घंटे लग ही जाते हैं. लोगों को भूख लगे तो उनके खाने के लिए भरपुर खाना मिल जाएं इसका भी पूरा इंतजाम है. खाने के लिए इंडियन से लेकर चाइनीज, वेस्टर्न सहित एक से बढ़कर एक कुजीन्स हैं. फूड के अलग-अलग काउंटर बनाए हुए हैं. वाइल्ड वादी लोगों को इसलिए भी पसंद आ रहा है. क्योंकि, एक ही जगह पर बहुत ही कम कीमत पर कई तरह की एडवेंचर और मनोरंजक सुविधाएं हैं. वाइल्ड वादी पार्क कई मायने में अपने घर के बाहर एक घर है.

**सवाल :** पार्क की फ्यूचर प्लानिंग क्या है?

**जवाब :** पार्क आने वाले समय में सबसे पहले वीआर गेमिंग जोन लाने जा रहा है. जिसके लिए अभी मॉल में कस्टमर्स को बहुत पैसा खर्चा करना पड़ता है. हम इसके लिए मात्र कुछ कीमत बढ़ाएंगे मगर सबकुछ फ्री कर देंगे. साथ ही वाईप आउट जो न्यूजीलैंड की एक्टिविटी है उसे लॉच करने वाले हैं. साथ में स्लिप्री स्टेयर्स बहुत जल्द ही लाने जा रहे हैं साथ में म्यूजिकल फाउंटेन भी बहुत जल्द आने जा रहा है. आने वाले समय में यहां पर पंचकर्म चिकित्सा की भी सुविधा होगी एवं कई प्रकार की शारीरिक जांच मुफ्त होगी. जिसमें लोग अपने परिवार के पूरे सदस्यों की हेल्थ मसाज आयुर्वेदिक पद्धति से करवा सकते हैं.

## तुपुदाना, रांची स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क की ओर से आवश्यक सूचना

धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, चास, जमशेदपुर, चाईबासा, सराईकेला-खरसावां में रहने वाले लोगों को बताना चाहते हैं कि वाटर पार्क का मजा भीड़ में ही आता है. वाइल्ड वादी वाटर पार्क में सबसे ज्यादा भीड़ होती है. आपलोग बस या ट्रेन से पूरे ग्रुप का प्रोग्राम बनाएं. रांची पहुंचने में सिर्फ दो से ढाई घंटे का समय लगता है. आप यहां रात को ठहरने के लिए एडवांस बुकिंग भी करा सकते हैं. अगर बस बुक कर के आते हैं तो बस के माध्यम से वापस भी जा सकते हैं. वाइल्ड वादी झारखंड की शान है, झारखंड में रहने वाले सभी ब्रांडेड डीलर हमसे संपर्क करें, हम आपके कस्टमर के लिए वाइल्ड वादी का 20% डिस्काउंट वाला भाउचर आप तक पहुंचा देंगे जो आप अपने ग्राहकों को दे सकते हैं. राज्य के स्कूल, कोचिंग संस्थान एवं कॉलेज हमसे संपर्क करें, हम आपको स्क्रैच एंड विन कूपन देंगे जिससे मात्र 55 रुपये से 95 रुपये तक इंट्रीफीस हो जाएगी, जिसे आप अपने स्कूल के बच्चों के लिए स्कूल में ड्रिस्ट्रीब्यूट करवा सकते हैं. राज्य के टूर एंड ट्रैवेल्स कंपनी हमसे संपर्क करें, हम आपकी पूरी सहायता करेंगे. आपलोग परिवार के साथ, दोस्तों के साथ ग्रुप में वाइल्ड वादी पार्क को देखने के लिए जरूर आएं. वाइल्ड वादी पार्क देखना एक बार तो जरूर बनता है. अधिक जानकारी के लिए आप हमारे कस्टमर केयर नंबर - 9304816880 पर संपर्क कर सकते हैं.

## वाइल्ड वादी बर्ड पार्क, रांची सिटी में एक नया आकर्षण

वाइल्ड वादी बर्ड पार्क रांची की भागदौड़ भरी शहरी जिंदगी से आराम और मनोरंजन के लिए बनाया गया है. यहां घोसलों के बीच पक्षियों और सुंदरता से मंत्रमुग्ध कर देगा. यहां आने के बाद पार्क में पक्षियों के साथ कुछ समय चिड़ियों के कलरव में बिताना सुकून देता है. यहां पर आप बर्ड पार्क में 10 रुपये में दाना खरीदकर आप अपने हाथों से बर्ड को खाना खिला सकते हैं. आप इन पक्षियों के माध्यम से प्रकृति की स्वतंत्रता को महसूस करेंगे. अपने घोंसलों से निकलते रंगीन और सुंदर पक्षियों के करीब आने का मौका मिलेगा. इन मायनों में वाइल्ड वादी बर्ड पार्क अपनी तरह की एक अनोखी जगह है. आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ प्रकृति के बीच आनंद ले सकते हैं.



## क्रिकेट सिमुलेशन से असली बैटिंग-बॉलिंग का मजा



क्रिकेट सिमुलेशन में आप बॉल की रफ्तार को बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रिकेट खेल सकते हैं. यहां जितने भी लोग आते हैं वो क्रिकेट सिमुलेशन में जरूरत जाते हैं और क्रिकेट खेलने का आनंद उठाते हैं यह भी वाटर पार्क के साथ फ्री है.

## चुनें सही वाटरपार्क

यह सच है कि बच्चों के साथ वाटरपार्क जाना अच्छा विचार है. लेकिन सही वाटरपार्क का चयन करना भी जरूरी है. हर वाटर पार्क में अलग तरह की राइड्स होती है. पुल की गहराई, वहां हर जगह सुरक्षा के लिए तैनात लाइफ गार्ड, वाइल्ड वादी वाटर पार्क को इस मामले में सबसे सुरक्षित बनाता है.

### अन्य विशेषताएं

बहुत जल्द ही हमलोग लोगों को वाइल्ड वादी पार्क में ऑनलाइन टिकट की सुविधा देने जा रहे हैं. जिससे आप घर में बैठकर मोबाईल और लैपटोप से टिकट बुक कर पाएंगे उन्हें लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और मात्र गेट में स्कैन कराने से ही वो अंदर प्रवेश कर पाएंगे.

नर्सरी से फूलों की बिक्री का विशेष स्वागत, वाइल्ड वादी के नर्सरी में आप सैकड़ों किस्म के फूल खरीद सकते हैं.

गर्मी के साथ बारीश के लिए भी फूल पौधे आ चुके हैं जो बहुत कम कीमत पर गमलों में आपको तैयार करके दिए जाते हैं.

## क्या टिकट काउंटर पर भी कोई डिस्काउंट है?

काउंटर टिकट पर डिस्काउंट है, अगर आप रांची के किसी भी ब्रांडेड स्टोर में शॉपिंग करते हैं तो 20% गिफ्ट भाउचर का कूपन मिलेगा जिसको डायरेक्टली काउंटर पर दिखाने से आपको 300 रुपये में 60 रुपये की छूट मिल जाएगी. यह रांची के उत्तर, पूर्व, पश्चिम व दक्षिण सभी जगह पर बहुत सारे ब्रांडेड स्टोर के साथ टाइअप किया गया है और अन्य ब्रांडेड स्टोर भी अगर हमारे साथ टाइअप करना चाहते हैं और कस्टमर को शॉपिंग करने के साथ अपनी तरफ से यह 20% गिफ्ट भाउचर देना चाहते हैं जो कि पूरी तरह से फ्री है जिसका कोई चार्ज नहीं लिया जाता है तो वह हमारे कस्टमर केयर नंबर 9304816880 पर संपर्क कर सकते हैं हम उन्हें यह गिफ्ट भाउचर पहुंचा देंगे.

- सोमवार से शुक्रवार, 300 रुपए/- तीन फीट हाइट तक के बच्चे 200 रुपए/- एक साल का बच्चा और दिव्यांगों को फ्री एंट्री. **पार्किंग के लिए बड़ा स्पेस**
- **एंट्री फीस :** वीकेंड और अवकाश पर 400 रुपए/-
- **समय :** सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक
- **कहां है :** हटिया-तुपुदाना 10 माइल, खूंटी रोड
- **पास का लोकेशन :** टोरियन वर्ल्ड स्कूल, हजाम



## बल्क बुकिंग और ट्रेवल ऑपरेटर आपसे कैसे जुड़ सकते हैं?

अभी हाल में ही बोकारो से महाराणा टूर एंड ट्रावेल्स ने हमारे साथ टाइअप किया है जो एक बस के द्वारा यात्रियों को एक विशेष पैकेज में वाइल्ड वादी सुबह से लेकर रात तक घुमने का पैकेज बनाते हैं. इसी तर्ज पर झारखंड के सभी ट्रेवल और टूर ऑपरेटर हमसे जुड़ सकते हैं. कोई भी कंपनी के स्टाफ बुकिंग पर आना चाहते हैं तो हमारे कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क कर सकते हैं और हमसे बल्क का रेट पायें.मगर बल्क का रेट मीनिमम 100 लोगों पर लागू होता है, विशेष रेट जानने के लिए अवश्य संपर्क करें.

## वाइल्ड वादी पार्क में कुछ खास, एडवेंचर राइड का मजा

वाइल्ड वादी वाटर पार्क में गर्मी के मौसम में बच्चे यहां आकर छुट्टियों का आनंद उठा रहे हैं. पर्यटक रात में भी नाइट लाइफ देखने के लिए आते हैं. फ्लावर पार्क में जो लाइट्स लगी हुई हैं, वह बहुत मनमोहक है. यहां पांच प्रकार के स्विमिंग पूल हैं, जिनमें 25 से ज्यादा एक्टिविटी का मजा ले सकते हैं.

इन्हीं एक्टीविटी में वेब पूल, क्रिकेट सिमुलेशन, कई तरह के एडवेंचर और रेन डांस भी शामिल हैं.






## स्कूल के बच्चों के लिए क्या है खास?

हमलोगों ने एक स्क्रैच और विन ऑफर लॉच किया है जो कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है. इस स्क्रैच एंड विन कूपन को जब हम जाते हैं स्कूल में डिस्ट्रिब्यूट करने के लिए तो इसको स्क्रैच करने के बाद इसमें 55, 65, 75, 85, 95 रुपये का रेट निकलता है वही अब उस बच्चे की इंट्रीफीस हो गई. इस स्क्रैच कूपन को प्ले स्कूल, स्कूल, इंस्टीट्यूट एवं 12वीं तक के कॉलेजों में बांटने के लिए आप हमारे कस्टमर केयर नंबर 9304816880 पर कोई भी कॉलेज, स्कूल एवं इंस्टीट्यूट संपर्क कर सकते हैं. हम आपको यह स्क्रैच एंड विन कूपन आपको जितनी संख्या में चाहिए पहुंचा देंगे.

## वाइल्ड वादी पार्क में आने से पहले जरूरी सलाह

कांच की चुड़ियां पहन कर न आएं, कीमती सामान न लेकर आएं. घर में या कार मे ही ज्यादातर सामान रखें. हल्के कपड़े पहन कर आएं और अपने पर्स में क्रीम, मोइस्चराइजर जो जरूरी चीजें है वो रखें. महंगे चश्में पहनकर राइड न करें, पांव में पायल पहनकर न आएं. अगर आपके पास अपना स्वीमिंग कोस्ट्यूम है तो लेकर आ सकते हैं. चप्पल पहन कर आएं इससे आपको सुविधा होगी क्योंकि यहां पूरा दिन लग जाता है.

## बारिश में क्या होने वाला है खास?

बारिश में प्रति चार टिकट पर एक छतरी देने जा रहे हैं और बारिश में हम फूटबॉल थ्रोइंग मशीन लॉच करने जा रहे हैं. तो फिर देर किस बात की अभी ही जाएं वाईड वादी अपने परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों के साथ. 😃😃😃




**Plot - 311, Devi Mandap Road, Dusmile Chowk, Ranchi**

**Call Now : 9304816880**

A Media Marketing Initiative

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड की सियासत में जयराम महतो की धमाकेदार इंट्री

## ■ गिरिडीह सीट से 3.47 लाख वोट लाकर साबित किया अपना दमखम

## ■ गोमिया और डुमरी विस क्षेत्र से लीड किया था जयराम महतो ने

**आजाद सिपाही विशेष**

जयराम महतो वह नाम है, जो आज झारखंड की आवाज के रूप में स्थापित हो रहा है। जब वह बोलता है, तब लोग खुद ब खुद उसे सुनने दौड़े चले आते हैं। स्कॉर्पियो पर खड़ा होकर एक लड़का जब भाषण देता है, तब हजारों की संख्या में भीड़ जमा हो जाती है। भीड़ यह देखने नहीं आती कि वह लड़का स्कॉर्पियो पर खड़ा होकर स्टाइल मार रहा है। भीड़ उसे सुनने आती है कि वह लड़का बोल क्या रहा है। जब जयराम बोलते हैं, तब वह झारखंड के मुद्दों को लेकर बोलते हैं। झारखंड किन समस्याओं से जूझ रहा है, उससे लोगों को अवगत करवाते हैं। कैसे झारखंडियों की भावनाओं के साथ सालों से खेला जा रहा है, उस बारे में वह लड़का बात करता है, झारखंडियों के हक के लिए आवाज उठाता है। जयराम महतो पीएचडी के छात्र हैं, इंग्लिश लिटरेचर से वह पीएचडी कर रहे हैं। जयराम महतो एक आंदोलनकारी के पुत्र हैं। विरासत में ही उन्हें आंदोलन का जज्बा हासिल हुआ। जयराम महतो भाषा आंदोलन के दौरान सुर्खियों में आये। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उनका वीडियो सोशल मीडिया पर आता है, तब वह वायरल हो जाता है। यूट्यूब हो या फेसबुक या एक्स, जयराम हर जगह हिट हैं। न जाने कितने यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज उनके वीडियो से स्थापित हो गये। खैर जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा के दौरान जो वोट लाये हैं, उससे झारखंड के राजनेताओं की नींद उड़ी हुई है। नींद तो लोकसभा चुनाव के दौरान ही उड़ गयी। गिरिडीह के प्रत्याशी हांफ रहे थे। जयराम महतो की पार्टी ने एनडीए के लिए संजीवनी का काम कर दिया, नहीं तो उनकी हवा झारखंड में और टाइट होती और सीटें कम आती। गिरिडीह तो समझिये हाथ से निकल जाता। जयराम महतो पढ़े-लिखे हैं, उन्हें राजनीति की समझ कितनी है, यह तो वक्त ही बतायेगा, लेकिन वह मुद्दों को समझते हैं। जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस के मैदान में आने से कई क्षेत्रीय दलों के लिए खतरे की घंटी बज गयी है। अगर वे दल पुराने ढर्रे की राजनीति करते रहेंगे, तो उनका जयराम के सामने टिकना आसान नहीं होगा। जयराम महतो ने आजसू पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी के लिए सीधी चुनौती पेश कर दी है। आज की मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कुर्मियों में एक बहुत बड़ा गैप बढ़ता जा रहा है, जिसका नतीजा यह हुआ कि आज कुर्मी भाजपा या यूं कहें एनडीए से छिटका हुआ है। कुछ सीटों को छोड़ दें, तो वह जेएमएम से भी छिटका हुआ है। कुर्मी समाज आज पूरी तरह किस दल के साथ है, इसका आकलन राजनीतिक पंडित भी नहीं कर पा रहे हैं। आनेवाले विधानसभा चुनाव में कुर्मी मतदाता कइयों की राजनीतिक जमीन खिसकाने को बेचैन हैं। जाहिर है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, केंद्र सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं फरमाया, तो सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा और आजसू को होगा, क्योंकि अब तक कुर्मी मतदाता इन दलों के साथ ही ज्यादा थे। कौन हैं जयराम महतो और कैसे उन्होंने झारखंड की राजनीति में सनसनी फैलाई हुई है बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

जयराम कुमार महतो का जन्म 27 दिसंबर 1994 को धनबाद के तोपचांची में हुआ। जयराम के पिता कृष्ण प्रसाद महतो झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे। जब जयराम के पिता का देहांत हुआ, तब जयराम का छोटा भाई मां के गर्भ में ही था। बहुत ही मुश्किल परिस्थिति में जयराम की माता ने बच्चों को पाला। जयराम की पढ़ाई नाना-नानी के यहां हुई। पढ़ाई के दौरान जब जयराम अपने गांव आया-जाया करते, तब वह सामाजिक लोगों के साथ उठना-बैठना करते। कम उम्र से ही उन्हें समाज के बारे में समझना बहुत आकर्षित करता था। यानि राजनीति का बीज उनके अंदर शुरू से ही था। शुरुआती दौर में जयराम राजनीति से दूर ही रहते थे। जैसा कि आज का हर युवा राजनीति से जरा दूरी बना कर ही चलता है। इंटरेस्ट तो रहता है, ओपिनियन भी रहती है, लेकिन फिर भी ज्यादातर युवा इससे दूरी ही बना कर रखते हैं। जयराम भी राजनीति से दूरी ही बना कर रहते थे। जयराम का पढ़ने-लिखने में ज्यादा मन लगता था। लेकिन जब जयराम कॉलेज में थे, तभी झारखंड राज्य में एक घटना घटी, जहां कुछ ऐसी भाषाएं थीं, जिन्हें यहां के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया, जो झारखंड राज्य की नहीं हैं। यहीं से विवाद उत्पन्न हुआ और फिर क्या था, यहीं से एक नये आंदोलन की शुरुआत हुई और जयराम महतो की एंट्री इस आंदोलन के जरिये धीरे-धीरे राजनीति में हो गयी। राजनीति का बीज वृक्ष बनने को तैयार था। जयराम गांव-गांव जाते, अपनी बातों को जनता के सामने रखते। समझाते कि भाषा आंदोलन क्या है और झारखंड का इससे कितना नुकसान हो रहा है। उनके संबोधन से लोग प्रभावित होने लगे और उनके आंदोलन से जुड़ने लगे।

जब जयराम महतो का आंदोलन शुरू हुआ, तब लगा कि उन्हें बहुत लंबा सफर तय करना पड़ेगा। लेकिन देखते ही देखते एक नौजवान का स्कार्पियो पर खड़ा होकर भाषण देना और हजारों की संख्या में लोगों का हिस्सा लेने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। यूट्यूब हो या फेसबुक या एक्स जयराम महतो का वीडियो हर तरफ छा गया। जयराम ने ढाई से तीन सालों में लगभग पांच हजार सभाएं कर डालीं। जयराम महतो का कहना है, इन सभाओं के दौरान लोगों ने अपनी मांग मेरे समक्ष रखी कि आपको राजनीति की मुख्यधारा में आना पड़ेगा। तभी आंदोलन को और धार मिलेगी। तभी झारखंड की समस्याओं का हल निकल पायेगा। जयराम महतो ने भाषा आंदोलन से शुरुआत तो की, लेकिन जैसे-जैसे उनका झारखंड भ्रमण हुआ, वैसे-वैसे जयराम झारखंड की विभिन समस्याओं से अवगत होते गये। जयराम समझ गये कि झारखंड की समस्या बहुत बड़ी है, विकराल है। झारखंड की समस्या का हल राजनीतिक मंच पर आकर फ्रंट से लड़ कर ही निकाला जा सकता है।

### झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भी स्वराज का अनुभव नहीं हो रहा: जयराम

सबसे पहले अलग झारखंड राज्य की मांग 1912 में उठी। उसके बाद 1928 में लिखित तौर पर अलग झारखंड राज्य की मांग उठी। फिर आया 15 नवंबर 2000, जब झारखंड का उदय 28वें राज्य के रूप में बिहार से अलग होकर देश के नक्शे पर हुआ। जयराम महतो का मानना है कि जब बांबे का विभाजन हुआ, तो महाराष्ट्र और गुजरात बना। महाराष्ट्र मराठी भाषियों के लिए बना और गुजरात गुजराती भाषियों के लिए बना। ठीक उसी प्रकार तमिलनाडु से आंध्रप्रदेश बना। तमिलनाडु तमिल भाषियों के लिए बना और आंध्रप्रदेश तेलुगु भाषियों के लिए बना, यानी दोनों राज्यों का समझौता हुआ। अपना-अपना क्षेत्र बना, अपना-अपना अधिकार बना। लेकिन जब झारखंड बिहार राज्य से अलग हुआ, तो झारखंडियों की भी कुछ आइडेंटिटी थी,परंपराएं थीं, भाषा और संस्कृति थी। यहां की जो भौगोलिक स्थिति थी, उसी कारण यह राज्य बिहार से अलग हुआ, लेकिन उसके बाद भी आज 23 वर्ष हो गये लेकिन फिर भी हमें ऐसा लगता है कि जिनसे हम लोग अलग हुए हैं, आज भी उनका कहीं ना कहीं अधिकार हमारे राज्य में है। उसी क्रम में धनबाद और बोकारो जिला, जो पूर्णतः बंगाल की सीमा से सटा है, अगर हम लॉजिक भी देते तो हजारीबाग या चतरा कोडरमा का हिस्सा होता, जिसमें अगर बिहार राज्य की भाषाओं को शामिल किया जाता, तो शायद कुछ लोग 10 किलोमीटर, 20 किलोमीटर रेडियस में उस भाषा को बोलते। लेकिन वह चूंकि पूर्णतः हिस्सा दूसरे क्षेत्र का है और जो झारखंड के मूलवासी हैं, वे उस भाषा को बोलते ही नहीं है। भोजपुरी-मगही भाषा झारखंड क्षेत्र की नहीं थी। अगर धनबाद, गिरिडीह क्षेत्र की बात की जाये, तो यहां कुरमाली, संथाली और खोरठा बोली जाती है। जयराम महतो ने इस मुद्दे को प्रखर तरीके से उठाया। देखते ही देखते छात्रों में आक्रोश आया कि आखिर झारखंड क्यों अलग हुआ है। जयराम कहते हैंः मानते हैं बिहार राज्य हमारा बड़ा भाई है। हम बंगाल प्रेसिडेंसी का भी हिस्सा रहे हैं, उसमें ओड़िशा भी रहा है, अगर सबका बंटवारा हो चुका है, सबको अपना भूभाग मिल चुका है, सबने अपनी भाषा और स्थानीयता का आधार तय किया है, तो फिर हमारे राज्य में अलग होने के बाद भी हमें अपना स्वराज्य का अनुभव क्यों नहीं हो रहा है। जयराम कहते हैं कि लगातार चीजों को थोपा जा रहा है, कभी भाषा के नाम पर, कभी और चीजों के नाम पर। इसे लेकर छात्रों में एक असंतोष का भाव समाहित हुआ और छात्रों ने आंदोलन किया।



### जयराम का राजनीति में उदय

यही वो दौर था, जब कुछ नये चेहरों का उदय हुआ। उसमे से जयराम महतो का नाम अचानक से सुर्खियों में आना शुरू हुआ। जयराम महतो की कोई वीडियो आयी नहीं कि वह वायरल हो जाती। झारखंड में चर्चा होने लगी कि एक लड़का है, जो स्कार्पियो गाड़ी पर चढ़ कर भाषण देता है और उसे सुनने के लिए युवाओं की भीड़ देखते ही बनती है। अब तो जयराम महतो से सिर्फ छात्र और युवा ही नहीं, बड़े बुजुर्ग भी जुड़ रहे हैं। जयराम में अब कुर्मी समाज के लोगों और यहां के छात्रों में उनका नेता नजर आने लगा है। जयराम को यहीं से अहसास हो गया कि उसे राजनीति में आना ही होगा, अगर बदलाव लाना है तो। फिर क्या था, जयराम महतो ने ठान लिया कि उन्हें चुनावी राजनीति में आना ही होगा। 1 मई को जयराम महतो का नॉमिनेशन था। उस दिन करीब डेढ़ लाख के करीब लोग 45 डिग्री टेंपरेचर में जयराम के लिए आये थे। खास बात यह रही कि ये सभी लोग अपना-अपना चंदा उठा कर पहुंचे थे। उस दिन नॉमिनेशन के बाद जो जयराम की सभा हुई, उस सभा में भी लोगों ने जयराम महतो को चार लाख रुपये चंदा दिया। जो लोग वहां पहुंचे थे, उनकी भावना यही थी कि जो नये चेहरे मौजूदा राजनीति में कदम रख रहे हैं, ये ओल्ड पॉलिटिक्स नहीं करेंगे। यानी परिवारवाद और संपत्ति अर्जित करने की पॉलिटिक्स नहीं करेंगे।

### 75 प्रतिशत सैलरी जनता को डोनेट

जयराम कहते हैं कि उन्होंने झारखंड राज्य में साफ सुथरी पॉलिटिक्स करने का संकल्प लिया है। जयराम की पार्टी ने संकल्प पत्र में घोषणा की थी कि जो प्रत्याशी जीत कर संसद जायेगा, वह अपनी खुद की 75 प्रतिशत सैलरी जनता को डोनेट कर देगा।

### नॉमिनेशन के दिन जब जयराम महतो को पकड़ने पुलिस पहुंची

करीब दो साल पहले जयराम महतो पर एक केस हुआ था। यह केस नियोजन नीति और स्थानीय नीति की मांग के दौरान हुआ। यह मूवमेंट छात्रों द्वारा ही किया गया था। उस दौरान लगातार परीक्षाएं कैंसल हो रही थीं, परीक्षाएं हो नहीं रही थीं, कोई नीति नहीं थी। जयराम महतो और कई छात्रों ने विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन किया था। जयराम का कहना है कि दो साल पहले का केस था। ना उन्हें 41 का नोटिस दिया गया, ना किसी प्रकार से कोई सूचना दी गयी थी। जिस दिन जयराम महतो का नॉमिनेशन था यानि 1 मई 2024, उस दिन काफी संख्या में पुलिस उन्हें अरेस्ट करने पहुंची। जयराम का मानना है कि यह साजिश के तहत हुआ। जयराम का कहना था कि हमारी लड़ाई राज्य सरकार से थी, अगर राज्य सरकार यानी झारखंड की पुलिस आती तो हमें समझ में आता, वहां सीआरपीएफ की भी टीम आती है, यह कौन सा कानून का अनुपालन वे लोग कर रहे थे। उसके बाद पूरा प्रयास किया गया कि हमारे नॉमिनेशन को रद्द किया जाये। कुछ पॉलिटिकल लोग लगातार ब्यूरोक्रेट्स पर दबाव बनाते रहे, यह कौन नहीं जनता। जयराम का यह भी मानना है कि ब्यूरोक्रेट्स का धन्यवाद, जो उन्होंने निष्पक्ष होकर अपना कार्य किया और मेरे नॉमिनेशन पर आंच नहीं आयी। जयराम ने यह भी कहा कि इस घटना के समय एक कार्ड क्या खेला गया, चूंकि जयराम तो इंडिपेंडेंट कैंडिडेट थे और जयराम के नाम से और चार लड़कों ने पर्चा भरा। समझा जा सकता है कि एक नौजवान जो पहली बार चुनावी राजनीति में कदम रख रहा था, जिसने एक मुखिया तक का चुनाव नहीं लड़ा और उसके खिलाफ साजिश हो रही थी। पांच लोग जिन्होंने नॉमिनेशन का फॉर्म भरा उनका 11 नंबर, 12 नंबर, 13 नंबर, 14 नंबर था। हर जगह जयराम कुमार महतो। यह सब वोटरों के बीच कन्फ्यूजन पैदा करने के लिए था।

### हार कर भी हीरो बन गये जयराम

फिर क्या था। जयराम महतो ने पार्टी बनायी और नाम रखा झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस)। जयराम महतो ने कुल आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे। जीत तो एक सीट पर भी नहीं हुई, लेकिन जो परफॉर्मेंस जयराम और उनकी पार्टी का रहा, उससे झारखंड और उसके राजनेता दंग हैं। अपने पहले ही लोकसभा चुनाव में जयराम महतो कुल 347322 वोट लाये। वह गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़े थे। जयराम महतो ने वहां के आजसू और एनडीए के उम्मीदवार दिग्गज नेता चंद्रप्रकाश चौधरी के पसीने छुड़ा दिये थे। चंद्रप्रकाश चौधरी को कुल 451139 मत मिले और उन्होंने गिरिडीह लोकसभा से जीत तो दर्ज की, लेकिन उन्हें अच्छी तरह समझ में आ गया होगा कि जयराम महतो क्या हैं। जयराम महतो सिर्फ लोकसभा चुनाव ही नहीं, पीछा तो विधानसभा चुनाव में भी नहीं छोड़ेंगे। जयराम महतो की लोकसभा चुनाव में दमदार उपस्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो से मात्र 23 हजार वोटों से ही पीछे रह गये और विजेता रहे चंद्र प्रकाश चौधरी से 103817 मत पीछे रहे। एनडीए और इंडी के लिए बड़ी चुनौती

झारखंड की राजनीति में जयराम महतो के उदय से आजसू और झामुमो के लिए खतरे की घंटी बज गयी है। अब तक स्थानीय वोटों पर इन्हीं दो पार्टियों का कब्जा रहता था, लेकिन अब जयराम महतो के रूप में एक तीसरा मजबूत विकल्प झारखंड में सामने आ गया है। दरअसल, एनडीए गठबंधन के तहत गिरिडीह सीट आजसू पार्टी के हिस्से आयी थी। वहीं इंडी गठबंधन के तहत झामुमो को यह सीट मिली। ऐसे में जयराम को मिले बंपर वोटों से एनडीए और इंडी के लिए भी खतरे की घंटी बज गयी है।

### विधानसभा चुनाव में बड़ा फैक्टर बनेंगे जयराम

जयराम महतो ने गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग, रांची और कोडरमा सीट पर दमदार उपस्थिति दर्ज कर यह साबित कर दिया कि झारखंड में इस साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में वे बड़ा फैक्टर बनने वाले हैं। खासकर कुर्मी बहुल सीटों पर जयराम फैक्टर काम करेगा। इसकी बानगी लोकसभा चुनाव में दिख गयी है। जयराम महतो के साथ युवा तो हैं ही, अब महिलाएं, बड़े बुजुर्ग भी साथ आ चुके हैं। यह लोकसभा चुनाव के दरम्यान देखा गया।

### गोमिया और डुमरी विस क्षेत्र से जयराम महतो ने लीड किया

जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस पूरे झारखंड में आठ सीटों पर चुनाव लड़ रही थी। गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद और रांची में जयराम महतो की पार्टी ने शानदार उपस्थिति दर्ज करायी है। जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने कुल आठ उम्मीदवार इस लोकसभा चुनाव में उतारे थे। गिरिडीह से जयराम महतो को मिले 347322, रांची से दवेंद्रनाथ महतो को 132647, हजारीबाग से संजय मेहता को 157977, चतरा से दीपक गुप्ता को 12566, सिंहभूम से दामोदर सिंह को 44292, दुमका से बेनीलता टुडू को 19360, धनबाद से इकलाक अंसारी को 79653 और कोडरमा से मनोज यादव को 28310 मत मिले। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाली डुमरी और गोमिया विधानसभा सीट पर जयराम महतो नंबर वन पोजिशन पर रहे। एक तरफ जहां डुमरी में आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी को 55421 और मथुरा महतो को 52193 मत मिले, वहीं जयराम महतो को 90541 वोट प्राप्त हुए। इसी तरह गोमिया में सीपी चौधरी को 66488 और मथुरा महतो को 58828 मत मिले, वहीं जयराम महतो को 70828 मत मिले। एक और आंकड़ा चौंकानेवाला है। पोस्टल बैलेट में सीपी चौधरी को 3243, मथुरा को 3062 वहीं जयराम को 5081 मत प्राप्त हुए। इस चुनाव में यह भी देखा गया कि कुर्मी मतदाता झारखंड में भाजपा से नाराज चल रहे हैं। इस नाराजगी का असर खूंटी लोकसभा में भी बड़े पैमाने पर देखा गया, जहां से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चुनाव हार गये। गिरिडीह लोकसभा सीट पर भी कुर्मियों की नाराजगी देखने को मिली।

---

# झामुमो नेता अंतू तिर्की समेत 10 के खिलाफ चार्जशीट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है, उनमें झामुमो नेता अंतू तिर्की, राजस्व विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष और संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट में डीड राइटर मो इरशाद के अलावा प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अख्तर, अफसर अली उर्फ अफसू खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं। भूमि घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में इडी इससे पहले 30 मार्च को पहली चार्जशीट दाखिल कर चुकी है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद समेत अन्य लोगों का नाम है। इडी ने अपनी चार्जशीट में इस बात का उल्लेख किया है कि बड़गाई में हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाये गये थे। फोरेंसिक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है। इसके अलावा अफसर खान, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और अन्य आरोपियों ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ इंश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष और संजीत कुमार के साथ मिलकर दस्तावेज जुटाये। इसके बाद हजारीबाग के डीड राइटर मोहम्मद इरशाद की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार कर चेशायर होम रोड स्थित 4.83 एकड़ जमीन हड़पने की साजिश रची।




# मंत्री बसंत सोरेन करेंगे सड़क सिंचाई योजनाओं की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन अगले सप्ताह से अपने मातहत विभाग की योजनाओं की मैराथन समीक्षा करेंगे। विभागीय मंत्री के आदेश पर पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और भवन निर्माण विभाग इसकी तैयारी कर रहा है। सिंचाई और सड़क योजनाओं पर मंत्री का अधिक फोकस होगा। बजट के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने के मकसद से विभागीय मंत्री की ओर से यह समीक्षा बैठक की जा रही है, जिसमें सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारी और इंजीनियरों को शामिल किया जायेगा। मंत्री नयी योजनाओं की भी स्वीकृति प्रदान करेंगे, ताकि उसे कैबिनेट की बैठक में रखा जा सके। मंत्री की समीक्षा होने की संभावना को देखते हुए पथ निर्माण, जल संसाधन विभाग ने अधिकारी और इंजीनियरों से प्रगति रिपोर्ट तैयार करने को कहा है।



www.epaper.azadsipahi.in
09 जून, 2024
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 229

रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव का शनिवार को निधन हो गया।









# नरेंद्र मोदी आज लेंगे शपथ तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री

- राष्ट्रपति भवन में शाम 7.15 बजे से शपथ ग्रहण कार्यक्रम
- तीन दर्जन सांसदों के मंत्री पद की शपथ लेने की चर्चा
- प्रधानमंत्री आवास पर मोदी-नड्डा-शाह की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नरेंद्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद दूसरे ऐसे व्यक्ति हैं, जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। राष्ट्रपति भवन में शाम 7.15 बजे शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें सात कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। माना जा रहा है तीन दर्जन से अधिक सांसद मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें टीडीपी, जदयू, शिवसेना, लोजपा (रामविलास), एनसीपी, रालोद और जेडीएस कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं। आजसू को भी एक बर्थ मिल सकती है।



## राष्ट्रपति ने सरकार गठन का दिया था न्योता

गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को लगातार तीसरी बार एनडीए का नेता चुना गया था। पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई थी। इसमें एनडीए के सभी 293 लोकसभा सांसदों, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम की मौजूदगी में नरेंद्र मोदी को नेता चुने जाने पर मुहर लगायी गयी थी। चुनाव में एनडीए को 293 सीटें मिली हैं। इसमें भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। बहुमत के लिए 272 का आंकड़ा चाहिए। एनडीए में 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। इस तरह मोदी को कुल 293 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। सभी सहयोगी दलों ने राष्ट्रपति को भाजपा को समर्थन देने का पत्र सौंप दिया है। बैठक के बाद नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति ने शुक्रवार की शाम में उन्हें बुलाकर सरकार गठन का न्योता दिया था।

**मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा :** अमित शाह और जेपी नड्डा शनिवार शाम नरेंद्र मोदी के आवास पहुंचे। चर्चा है कि यहां मंत्रिमंडल को लेकर बातचीत हुई और इसे अंतिम रूप दिया गया है। चर्चा के अनुसार किस दल से कितने मंत्री बनाये जायेंगे, इसका फॉर्मूला पहले ही तय किया जा चुका है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि प्रधानमंत्री जिसे जो जिम्मेदारी देंगे, वे उसे निभायेंगे।

**पैरामिलिट्री फोर्स की पांच कंपनियां तैनात:** शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में होगा। दिल्ली पुलिस इसकी तैयारियों में जुटी है। दोपहर 2 बजे के बाद राष्ट्रपति भवन और उसके आसपास कंट्रोल एरिया बनाया जायेगा। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा में पैरामिलिट्री फोर्स की पांच कंपनियां तैनात की जायेंगी। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर एनएसजी कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर्स भी तैनात किये जायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। ऐसे में पूरी राजधानी हाई अलर्ट पर रहेगी। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी खुफिया एजेंसियों के कंधों पर होगी। हर राष्ट्राध्यक्ष के प्रोटोकॉल के मुताबिक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके अलावा जिन होटलों में विदेशी मेहमान रुकेंगे, उनकी सुरक्षा भी बढ़ा दी गयी है। शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए दिल्ली पुलिस की ओर से 9 और 10 जून के लिए कई पाबंदियां भी लगायी गयी हैं। दिल्ली को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इस दौरान पूरी दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट कंट्रोल्ड एयरक्राफ्ट जैसे सब-कन्वेंशनल एरियल प्लेटफॉर्म की उड़ान पर रोक लगा दी गयी है।

## टीडीपी ने चार और जदयू ने दो मंत्रालय मांगे!

- झारखंड से आजसू के चंद्रप्रकाश की चर्चा
- भाजपा से अन्नपूर्णा को मिल सकती है जगह

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मोदी-3 के नये कैबिनेट में सहयोगी दलों का महत्व बढ़ने वाला है। खासकर टीडीपी और जदयू दोनों एनडीए में बड़े सहयोगी दल हैं। चर्चा है कि टीडीपीए ने चार और जदयू ने तीन मंत्रालय मांगे हैं। मोदी-3 की नये कैबिनेट में जगह पाने वाले चार टीडीपी नेताओं में से तीन राम मोहन नायडू, हरीश बालयोगी और डग्गुमल्ला प्रसाद हैं। वहीं नीतीश कुमार की जदयू ने दो सीनियर नेताओं ललन सिंह और राम नाथ ठाकुर के नाम सामने आये हैं। ललन सिंह बिहार के मुंगेर से लोकसभा सांसद चुने गये हैं, जबकि रामनाथ ठाकुर राज्यसभा सांसद हैं। रामनाथ ठाकुर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं। उधर, झारखंड से आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी को मंत्री बनाये जाने की चर्चा तेज है। वहीं, भाजपा से अन्नपूर्णा देवी का नाम चल रहा है।

# कांग्रेस संसदीय दल की नेता चुनी गयीं सोनिया



- सांसदों ने एक सुर में किया समर्थन
- राहुल को प्रतिपक्ष का नेता बनाये जाने का प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव नतीजों की समीक्षा की गयी। साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ। इसके बाद शनिवार शाम को कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें सोनिया गांधी को संसदीय दल का नेता चुना गया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद के सेंट्रल हॉल में पार्टी नेताओं की बैठक में सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। गौरव गोगोई और तारिक अनवर ने इसका समर्थन किया। इसके बाद सभी सांसदों ने एक सुर में समर्थन दिया।

**राहुल को प्रतिपक्ष का नेता बनाये जाने का प्रस्ताव:** उधर, इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्लूसी)की बैठक दिल्ली के अशोका होटल में करीब तीन घंटे चली। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने के लिए पार्टी सांसदों ने एक प्रस्ताव भी पारित किया। इस पर राहुल ने कहा कि मुझे सोचने का वक्त दीजिए। वहीं, सूत्रों के मुताबिक बैठक में यह संकेत भी मिला है कि राहुल वायनाड सीट छोड़ कर रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे।

## 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली

लोकसभा में पिछले 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है। 2014 में कांग्रेस को 44 सीटें और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। भाजपा के बाद सबसे ज्यादा सीटें कांग्रेस को मिली थीं। फिर भी कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी नहीं मिली थी। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष पद के लिए किसी भी पार्टी के पास लोकसभा की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटें होनी चाहिए। यानी 543 सीटों में से कांग्रेस को इसके लिए 54 सांसदों की जरूरत होती है। कांग्रेस ने इस बार अपने दम पर 99 सीटें हासिल की हैं। 2014 में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी उस वक्त पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने नेता प्रतिपक्ष का दर्जा देने से इनकार कर दिया था। पिछली लोकसभा में कांग्रेस का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा, लेकिन तब भी 54 सीटें नहीं हुईं। अधीर रंजन चौधरी कांग्रेस के नेता बनाये गये, लेकिन नेता प्रतिपक्ष तब भी कोई नहीं हो सका।

# चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन से होटवार जेल में की मुलाकात

## दोनों नेताओं के बीच मौजूदा राजनीति को लेकर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच क्या बात हुई, इसकी आधिकारिक रूप से तो जानकारी नहीं दी गयी, लेकिन राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि मुख्यमंत्री ने उन्हें सरकार के कामकाज और पार्टी की बातों से अवगत कराया। बताया जा रहा है कि चंपाई सोरेन लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए हेमंत सोरेन से मिले। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने हेमंत को लोकसभा चुनाव की प्रतिक्रियाओं के बारे में बताया। चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन ने झामुमो के रुख पर भी चर्चा की। उन्होंने हेमंत को राज्य और देश की मौजूदा राजनीति से भी अवगत कराया। इससे पहले 31 मई की सुबह भी चंपाई सोरेन ने होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। उन्हें चुनाव में झामुमो द्वारा किये गये प्रयास से अवगत कराया था। चुनाव परिणाम आने के बाद वह पहली बार हेमंत सोरेन से मिलने गये थे। गौरतलब है कि झारखंड से झामुमो के तीन सांसद और कांग्रेस के दो सांसद ने चुनाव में जीत हासिल की है। वहीं, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में हेंमत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने शानदार जीत हासिल की है। इन सभी बातों को लेकर मुख्यमंत्री की हेमंत सोरेन के साथ बातचीत हुई। साथ ही सरकार और पार्टी के भविष्य की दिशा निर्धारित करने पर भी चर्चा हुई, ऐसा कयास है।



## नीट यूजी ग्रेस मार्क्स की जांच के लिए कमेठी गठित

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंकों में वृद्धि के आरोपों के बीच, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को घोषणा की कि शिक्षा मंत्रालय ने 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिये गये ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया है। नीट यूजी रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों के चलते एनटीए ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी आरोपों पर स्पष्टीकरण दिया। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि 1,500 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गयी है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी और इन उम्मीदवारों के परिणामों में संशोधन किया जा सकता है।

# निवेशकों का भरोसा बढ़ा, चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति पांच दिन में 858 करोड़ रुपये बढ़ी

- 35.71% हिस्सेदारी वाले हेरिटेज फूड्स के शेयर 55% चढ़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चंद्रबाबू नायडू परिवार की संपत्ति पिछले पांच दिनों में ही 858 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट्स के अनुसार हेरिटेज फूड्स के शेयरों में इस दौरान 55% का उछाल आने से ऐसा हुआ है। हेरिटेज फूड्स के प्रमोटर पार्टी प्रमुख चंद्र बाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश हैं। हेरिटेज ग्रुप की स्थापना 1992 में चंद्रबाबू नायडू ने की थी। यह कंपनी डेयरी, रिटेल और एग्री सेगमेंट में काम करती है। हाल ही में हुए आंध्रप्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू का शानदार प्रदर्शन रहा है। इससे उनकी कंपनी पर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

**कंपनी में चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी :** चंद्रबाबू नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी के पास कंपनी में 24.37% हिस्सेदारी है। जबकि बेटे लोकेश और बहू ब्राह्मणी के पास 10.82% और 0.46% हिस्सेदारी है। नायडू के पोते देवांश के पास इसमें 0.06% हिस्सेदारी है। यानी चंद्रबाबू नायडू के परिवार की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 35.71% है।



## हेरिटेज फूड्स का शेयर शुक्रवार को 10% चढ़ा

शुक्रवार 7 जून को हेरिटेज फूड्स का शेयर 10% की तेजी के साथ 661.25 रुपये पर बंद हुआ। वहीं बीते पांच दिनों में इसमें 55% की तेजी रही है। 4 जून को हेरिटेज फूड्स का शेयर 455.45 रुपये पर था, जो 7 जून को 661.25 रुपये पर पहुंच गया। वहीं हेरिटेज फूड्स का मार्केट कैप इस हफ्ते 2,400 करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ा है। कंपनी का मार्केट कैप 7 जून को 6,136 करोड़ रुपये हो गया। यह एक सप्ताह पहले 3,700 करोड़ रुपये था।

## चंद्रबाबू नायडू 12 जून को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** तेलुगु देशम पार्टी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वे चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 1 सितंबर 1995, 11 अक्टूबर 1999 और 8 जून 2014 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2019 में एसआरसीपी अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने जीत दर्ज कर उनसे सत्ता छीनी थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी टीडीपी ने 16 सीटों पर जीत दर्ज की है। टीडीपी ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है और वह एनडीए में शामिल है। उसकी हिस्सेदारी केंद्र में भी होगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## आज भाजपा मनायेगी सभी मंडलों में उत्सव

# अब जनता को विस चुनाव का बेसब्री से इंतजार : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारी अंतिम चरण में है। पूरे देश से नव निर्वाचित सांसद दिल्ली पहुंच रहे हैं। साथ ही सभी प्रदेशों से पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, जिलों के अध्यक्ष, प्रभारीए लोकसभा-विधानसभा क्षेत्र के संयोजक, प्रभारी सहित हजारों कार्यकर्ता 9 जून को तीसरी बार मोदी सरकार के भव्य शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। इधर प्रदेश भाजपा ने झारखंड के सभी सांगठनिक मंडलों में शपथ ग्रहण के अवसर पर उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी मंडलों में आवश्यक दिशा निर्देश दे दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता ने एनडीए के पक्ष में जनादेश दिया है। कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया था, जो साकार हो रहा है। कहा कि प्रदेश से भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भ्रष्ट-निकम्मी और तुष्टीकरण में आकंठ डूबी ठगबंधन सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा। जनता विधानसभा चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

### 3 महीने बाद भी नहीं हुई पोस्टिंग

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सीएम चंपाई सोरेन ने मार्च में नगर विकास विभाग में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिया था, लेकिन अभ्यर्थियों की पोस्टिंग आज तक नहीं हो पायी। जबकि नियुक्ति पत्र मिले 3 महीने बीत चुके हैं। नगर विकास विभाग में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से परीक्षा उत्तीर्ण की। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मार्च में नियुक्ति पत्र देते समय अपना पोस्टर थमा कर खूब वाहवाही भी बटोरी। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले 3 महीने से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक पोस्टिंग नहीं मिली है।



# कल्पना सोरेन को मिलने जा रही है बड़ी जिम्मेदारी

## मंत्रीपद के साथ संगठन में बन सकती हैं महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक के रूप में उभरीं कल्पना मुर्मू सोरेन को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा होनी शुरू हो गयी है कि कल्पना मुर्मू सोरेन को चंपाई सोरेन कैबिनेट में जगह मिल सकती है। हो ना हो कल्पना को मंत्री बनाया जा सकता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि लोकसभा चुनाव के दौरान कल्पना मुर्मू सोरेन ने पार्टी को संकट से उबारा। अपनी प्रभावशाली आवाज से वह लोगों तक झारखंड मुक्ति मोर्चा की बात पहुंचाने में सफल रहीं। चर्चा तो यह भी है कि ना सिर्फ कल्पना को मंत्री पद मिलेगा, बल्कि उनको झामुमो संगठन में भी बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सूत्रों की मानें तो जल्द ही उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय उपाध्यक्ष या केंद्रीय महासचिव की



जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि जिस तरह से कल्पना ने लोकसभा चुनाव के दौरान स्टार प्रचारक के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभायी। माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी वह अपनी जिम्मेदारी निभायेंगी। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी सह जेएमएम विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने देश और राज्य की राजनीति में तेजी से अपनी पहचान बनायी है। आज की तारीख में उनकी गिनती इंडिया ब्लॉक के बड़े नेताओं में होती है। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के बीमार होने और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के जेल चले जाने के बाद कल्पना सोरेन सक्रिय राजनीति में आयीं। कल्पना सोरेन दिल्ली, मुंबई और रांची की महारैली में शामिल होकर देश के सामने यह मैसेज देने में सफल रहीं कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने साजिश रचकर उनके पति को जेल भेजा है। लोकसभा चुनाव के दौरान, कल्पना सोरेन ने इंडिया गठबंधन और झामुमो की ओर से सबसे बड़े स्टार प्रचारक के रूप में 150 से ज्यादा चुनावी सभाएं कीं। अपने लिए गांडेय में वोट मांगीं तो सहयोगी दलों कांग्रेस, राजद और झामुमो के अन्य उम्मीदवारों के लिए भी चुनावी सभाएं कीं। बता दें कि कल्पना सोरेन की राजनीति में औपचारिक तौर पर इंट्री 4 मार्च को गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर आयोजित रैली के साथ हुई। इसके 12 दिनों के बाद जब लोकसभा चुनाव और झारखंड में गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव का एलान हुआ, तो उन्होंने पार्टी और गठबंधन की ओर से प्रचार अभियान का मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कीं और एक तरह से ढाई महीने के भीतर राज्य का चप्पा-चप्पा छान डाला। पार्टी की ओर से उन्हें हेलीकॉप्टर मुहैया कराया गया, जिससे वह एक दिन में तीन-चार रैलियों में शामिल होती रहीं। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी कि झारखंड लोकसभा चुनाव में जिस तरह से इंडिया गठबंधन की बढ़त हुई है, उससे यह माना जा रहा है कि कहीं ना कहीं उसमें कल्पना मुर्मू सोरेन की भूमिका रही है।

### कल्पना से मिले सांसद जोबा-विजय और पद्मश्री मधु मंसूरी





रांची (आजाद सिपाही)। कांके रोड स्थित आवास पर कल्पना सोरेन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिंहभूम लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद जोबा माझी और राजमहल से सांसद विजय हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर पार्टी के चक्रधरपुर से विधायक सुखराम उरांव ने भी मुलाकात की। इधर, शनिवार को कल्पना सोरेन से पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## जेइइ एडवांस का रिजल्ट आज, परिणाम का लिंक सुबह 10 बजे खुलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दाखिले के लिए वर्ष आयोजित जेइइ एडवांस्ड परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों का इंतजार रविवार को खत्म हो जायेगा। इस बार परीक्षा का आयोजन आइआइटी मद्रास की ओर से किया गया था, जो रविवार 9 जून को रिजल्ट की घोषणा करेगा। इस परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी जेइइ एडवांस्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना रिजल्ट देख और डाउनलोड कर सकेंगे। रिजल्ट का लिंक रविवार की सुबह 10 बजे एक्टिव होगा। रिजल्ट देखने के लिए विद्यार्थियों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल यानी आवेदन संख्या और जन्मतिथि का उपयोग करना होगा। परीक्षा का आयोजन 26 मई को दो पालियों में किया गया था। इसके लिए शहर में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस परीक्षा में शहर और आसपास के क्षेत्रों से करीब 700 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आइएसएम पुंदाग को स्नातकोत्तर स्तर पर मान्यता



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलोजी के अंतर्गत आइएसएम पुंदाग को स्नातकोत्तर स्तर पर एमबीए और स्नातक स्तर पर बैचलर इन होटल मैनेजमेन्ट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बीबीए का अनुमोदन एआइसीटीइ से मिला है। इसी के साथ संस्थान पूरे झारखंड प्रदेश के लिए पहला संस्थान बना है। झारखंड में सत्र 2024-25 मे बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नॉलोजी कोर्स के संचालन के लिए आइएसएम पुंदाग एआइसीटीइ भारत सरकार से मान्यता करने वाला पहला संस्थान बना। संस्थान के निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विगत 39 वर्षों से डिप्लोमा लेवल का कोर्स चलाया जा रहा था। परंतु वैश्विक स्तर पर हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री मे आये आमूल परिवर्तन, उभर रही नयी आवश्यकताओं और मांगों को ध्यान मे रखते हुए होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नॉलोजी के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कौशल और दक्षता युक्त युवाओं की मांग बढ़ रही है। देश के युवाओं को प्रगतिशील और उज्ज्वल भविष्य के लिए यह बैचलर कोर्स काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नॉलोजी कोर्स करने वाले छात्र-छात्राएं ऊच्च शिक्षा जैसे स्नातकोत्तर, डॉक्टर, संबंधित तकनीकी और प्रबंधकीय हायर कोर्स में भी पढ़ाई कर सकेंगे। आवेदन प्राप्त करने के लिए वेबसाइट या मोबाइल 8797131841-7858001234 पर एड्मिशन इंचार्ज से संपर्क कर सकते हैं।

### भक्तों ने श्री श्याम भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड श्याम मंदिर में 115वां भंडारा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में प्रेम प्रकाश आर्या, राधा देवी आर्या, मयंक बिंदिया, तनीषा, जय आर्या ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, शिव परिवार, बजरंगबली को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन किया गया। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रद्धा में डूबा रहा। भोग लगे प्रसाद को आर्या परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, स्नेह पोद्दार, आशीष डालमिया, अनुज मोदी, अमित सरावगी, श्याम सुंदर जोशी, अभिषेक सरावगी, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडेय, मनीष वर्मा सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# नीट के रिजल्ट में गड़बड़झाला, उठने लगे सवाल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नीट परीक्षा के रिजल्ट का विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नीट की तैयारी कराने वाले कोचिंग के संचालक, डायरेक्टर और शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जहां 4 टॉपर अधिकतम होते थे वहां 67 बच्चों का टॉप करना एक धांधली है। कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर पाये, जो पाना असंभव है। 10 दिन पहले अचानक रिजल्ट आया ताकि चुनावी नतीजों में बच्चों की आवाज दब जाये। परीक्षा के एक सेंटर से एक ही रोल नंबर के सीरीज में 6 बच्चे रैंक वन कैसे हो सकते हैं? नीट में 720 नंबर वाले 67 टॉपर कैसे हो सकता है? सिस्टम में इस खामी से 650 से ज्यादा नंबर लाने वाले 3 गुणा बढ़ गये हैं। उन्होंने पूछा कि ग्रेस मार्क्स वाले बच्चे कैसे टॉपर बन सकते हैं। बहुत सारे परीक्षा सेंटर पर पेपर लीक की खबरें आयी, तो एनटीए ने बिना एक्शन लिए कैसे रिजल्ट पब्लिश कर दिया। अगर ग्रेस मार्क्स का प्रोविजन है तो ये नीट के इनफॉर्मेशन ब्रोशर में क्यों मेंशन नहीं था ? उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को ग्रेस मार्क्स मिला है, उनका री एग्जाम होना चाहिए। एक्सपर्ट्स ने कहा कि जिन शहरों में पेपर लीक हुए हैं, वहां री नीट कंडक्ट कराना चाहिए। इस काम में जो भी लोग शामिल हैं। उन दोषियों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। हजारों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न किया जाये। इस मौके पर बायोम के डायरेक्टर पंकज सिंह, पंकज कुमार, डॉ शशि भट्ट, विकास कुमार समेत रांची के कई इंस्टीट्यूट के एक्सपर्ट्स मौजूद थे।




### एनटीए की तानाशाही नहीं चलेगी

इस धांधली को लेकर कोचिंग संचालकों के साथ छात्र-छात्राओं ने भी प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए छात्रों ने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली नहीं चलेगी, एनटीए की धांधली नहीं चलेगी।

## दीपक ओझा बने जिला बस ऑनर्स के कार्यकारी अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रातु रोड स्थित जय सिंह यादव के आवास पर झारखंड प्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से जिला बस आनर्स एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष दीपक ओझा को मनोनित किया गया। एक माह मे रांची जिला बस आनर्स एसोसिएशन का चुनाव संबधी सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर चुनाव संपन्न करायेंगे। साथ ही कृष्ण कुमार दुबे, पवन सिंह, जय सिंह यादव, अशोक कुमार उपाध्याय, गोपाल यादव, राजू यादव को मनोनित किया गया है, जो दीपक ओझा को सहयोग करेंगे।

## पैसे हड़पने के लिए रिटायर्ड सैनिक ने पत्नी को मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पंडरा में पैसे हड़पने के लिए रिटायर्ड सैनिक ने पत्नी को मार डाला। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम महावीर साहू है। इस मामले में दो बेटियों ने भी पिता का साथ दिया था। फिलहाल दोनों फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। बता दें कि पांच जून की रात सुभ्रदा देवी का उसके पति और दो बेटियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद मृतका के भाई गोपाल सिंह ने थाने में जाकर शिकायत दर्ज करायी थी। मृतका के भाई ने पुलिस को बताया कि 5 जून की रात तीनों ने मिलकर उनकी बहन की हत्या की। फिर घर में लाश रखकर ऑनलाइन खाना मंगवाया। तीनों ने मिलकर खाना खाया। एंबुलेंस बुलाकर उनकी बहन की लाश ठिकाना लगाने के लिए ले जा रहे थे। मुहल्लेवासी पहुंच गये और मामले की जानकारी परिजनों को दी। जब मायके वाले पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी।

### दो बेटियों ने भी दिया पिता का साथ




### जमीन की बिक्री से काफी पैसे मिले थे

मृतका के भाई ने आगे कहा कि उनकी बहन सुभद्रा की उसके पति महावीर और दोनों पुत्रियों ने पीट-पीटकर बुधवार की रात हत्या कर दी थी। उनकी बहन के पास जमीन की बिक्री से काफी पैसे मिले थे। उस पैसे को उसके पति और दोनों पुत्रियां हड़पना चाहती थीं। हालांकि, उनकी बहन ने अपनी दोनों पुत्रियों को कुछ पैसे दिये थे। एक महीना पहले दोनों ने इलाज के नाम पर 50 हजार और दो दिन पहले 20 हजार रुपये लिया था। तीनों उनकी बहन से लगातार पैसे और एटीएम की डिमांड कर रही थीं। लेकिन, उनकी बहन देने से इनकार की थी।

## भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करें सीएमः दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम से सभी विभाग वापस लिये जाने और बर्खास्त नहीं किये जाने पर भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने नाराजगी व्यक्त की है। श्री प्रकाश ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता एक तरफ संविधान की रक्षा करने की बातें करते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ ये नेता भारतीय संविधान को ताक पर रख कर काम कर रहे हैं। इंडी गठबंधन के सहयोगी दल आम आदमी पार्टी के मुखिया सह दिल्ली के



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं और वहीं से सरकार चला रहे हैं। दूसरी तरफ झारखंड में भी इंडी गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस के कोटे से बने एक कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम भी भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले 24 दिनों से जेल में बंद हैं।

## आजसू को मिल सकती है मोदी कैबिनेट में जगह, चंद्रप्रकाश रेस में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पार्ट तीन की नयी कैबिनेट में झारखंड के एक या दो सांसदों को मौका मिल सकता है। झारखंड में भाजपा के आठ और सहयोगी दल आजसू पार्टी के एक सदस्य को जीत मिली है। राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा शुरू हो गयी है कि एनडीए के अहम सहयोगी के तौर पर आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। झारखंड में जाति के आधार पर आदिवासी के बाद कुर्मी संख्या में



आते हैं। भाजपा भी इस बात को मानती है कि इन दिनों कुर्मी मतदाता उनसे कुछ बिदके हुए हैं। भाजपा भी इस बात को जानती है कि सुदेश महतो ही कुर्मी मतदाताओं को जोड़ सकते हैं। ऐसे में संभव है कि कुर्मी मतदाताओं को साधने की रणनीति में आजसू पार्टी से चंद्रप्रकाश चौधरी को कैबिनेट में जगह मिल जाये। ऐसे में मोदी सरकार के नये मंत्रिमंडल में झारखंड से आजसू पार्टी को केंद्र में मंत्री पद मिल सकता है। नहीं तो कुर्मियों के साथ अन्याय होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में इसका खामियाजा भाजपा को हो सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव में जब दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़े थे तो इसके परिणाम से सभी कोई वाकिफ है। जबकि झारखंड राज्य अलग होने के बाद अब तक आजसू पार्टी मजबूती से एनडीए और भाजपा के साथ रही है। वहीं कुर्मी मतदाताओं की बात करें तो राज्य में लगभग 12 से 13 विधानसभा सीटों पर उनका दबदबा है। ऐसे में आजसू पार्टी को और थोड़ा मजबूत करना ही होगा। राजनीतिक जानकार भी मानते हैं कि आजसू पार्टी को अगर केंद्र में जगह मिलती है तो बहुत हद तक कुर्मी मतदाताओं को साधा जा सकता है।

# भारत में 'धर्म युग' के महानायक नरेंद्र मोदी





राहुल सिंह

भारतीय जनमानस में रच-बस चुके, हवा की शीतलता का बोध देनेवाले यदि एक व्यक्ति का नाम लिया जा सकता है, तो वह है नरेंद्र दामोदर दास मोदी का, जो अब से कुछ घंटे बाद दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार पदभार ग्रहण करेंगे। राजनीतिक रूप से अपराजेय नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत में 'धर्म युग' के महानायक हैं। 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में जन्म लेने वाले नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में विश्वास और विकास के नायक हैं, तो वैश्विक पटल पर महानायक बन कर देश और दुनिया को दिशा दिखा रहे हैं। संयोग ऐसा कि जिस दिन देश के अधिकांश भाग में निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनायी जाती है, उसी दिन मोदी जी का जन्मदिन है। उनकी छत्रछाया में भारत में राष्ट्रवाद का रंग गहरा हुआ है और भारत विश्वगुरु बनने की राह पर चल पड़ा है।

आज के समय में भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में अगर कोई सबसे ज्यादा लोकप्रिय हस्ती है, तो वह हैं नरेंद्र मोदी। उन्होंने विश्व के नेताओं के बीच सर्वोच्च स्थान बनाते हुए भारत को भी शिखर तक पहुंचाया है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय राजनीतिक हस्तियों में शामिल नरेंद्र मोदी का नाम उनके व्यक्तित्व, कार्यशैली, दृढ़निश्चय और क्षमता के कारण न सिर्फ भारत में, बल्कि विश्व पटल पर गूंज रहा है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सर्वेक्षणों में नरेंद्र मोदी को दुनिया के सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय व्यक्ति के रूप में शुमार किया जा रहा है। यूक्रेन युद्ध के समय वहां फंसे भारतीयों को वापस लाना, कोरोना के दौरान दुनिया भर में टीका भेजना, ये सभी नरेंद्र मोदी की वैश्विक सोच का परिणाम है। पहले विदेश नीति से देश की जनता दूर थी, लेकिन जब भारत में इतना बड़ा कूटनीतिक कार्यक्रम हुआ तो हर भारतवासी अवगत हुआ और अपने को गौरवान्वित महसूस किया। जी-20 में नालंदा विश्वविद्यालय और कोणार्क के सूर्य मंदिर का प्रतीक दिखा कर दुनिया को भारत की धरोहर और सशक्त इतिहास से अवगत कराने वाले पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने।

## आरंभिक जीवन

नरेंद्र मोदी की यात्रा वडनगर की गलियों से शुरू होती है। उत्तरी गुजरात के मेहसाणा जिले का एक छोटा-सा कस्बा। नरेंद्र मोदी, दामोदरदास मोदी और हीराबा की छह संतानों में से तीसरी संतान थे। वडनगर इतिहास के टापू पर खड़ा हुआ एक शहर है। पुरातत्व खुदाई से पता चलता है कि यह अध्ययन और आध्यात्मिकता का एक जीवंत केंद्र था। चीनी यात्री ह्वेन त्सांग ने वडनगर का दौरा किया था। वडनगर का एक समृद्ध बौद्ध इतिहास भी रहा है। शताब्दियों पूर्व 10 हजार से अधिक बौद्ध भिक्षुओं ने इस भूमि को अपना निवास स्थान बनाया था। नरेंद्र मोदी के जीवन के आरंभिक वर्ष एक आदर्श और सामान्य परवरिश से कोसों दूर थे। उनका परिवार समाज के उस कमजोर तबके से था, जिसे दो वक्त का भोजन जुटाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। पूरा परिवार एक बेहद छोटे से घर में रहता था। उनके पिता स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बनी चाय की दुकान पर चाय बेचते थे। अपने प्रारंभिक वर्षों में नरेंद्र मोदी इस चाय की दुकान पर अपने पिता का हाथ बंटाते थे। इन प्रारंभिक वर्षों ने नरेंद्र मोदी पर एक मजबूत छाप छोड़ी। एक बच्चे के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपनी पढ़ाई, पाठ्योत्तर जीवन और पिता के चाय स्टाल में उनके योगदान के बीच संतुलन स्थापित किया। उनके सहपाठी नरेंद्र को एक तर्कशील, मेधावी और मेहनती छात्र के रूप में याद करते हैं, जिसमें तर्क-वितर्क और अध्ययन करने का अदभुत कौशल था। वह स्कूल के पुस्तकालय में अध्ययन हेतु घंटों समय व्यतीत किया करते थे। खेलों में उन्हें तैराकी का बहुत शौक था। नरेंद्र मोदी का सभी समुदायों में मित्रों का व्यापक दायरा था। एक बच्चे के रूप में वह अक्सर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के त्योहारों को मनाया करते थे, क्योंकि उनके पड़ोस में उनके बहुत सारे मित्र मुस्लिम समाज से थे। फिर भी उनके विचार और स्वप्न विद्यालय की कक्षा में शुरू होकर किसी दफ्तर के माहौल में खत्म हो जाने वाले पारंपरिक जीवन में नहीं बंधे, बल्कि कहीं आगे निकल गये। वे लीक से हट कर चलना चाहते थे और समाज में एक परिवर्तन देखना चाहते थे। समाज और व्यवस्था के हाशिये पर पड़े लोगों के दुःख-दर्द को खत्म करना चाहते थे। युवावस्था में ही उनका झुकाव त्याग और तप की ओर बढ़ रहा था। उन्होंने नमक, मिर्च, तेल और गुड़ खाना छोड़ दिया था। स्वामी विवेकानंद के कार्यों का गहन अध्ययन नरेंद्र मोदी को अध्यात्म की यात्रा की ओर ले गया और उन्होंने भारत को जगत गुरु बनाने के स्वामी विवेकानंद के सपनों को पूरा करने के लिए अपने मिशन की नींव रखी।

## सेवा और समर्पण

अधिकांश किशोर 17 वर्ष की आयु में अपने भविष्य के बारे में और बचपन के इस आखिरी पड़ाव का आनंद लेने के बारे में सोचते हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी के लिए यह अवस्था पूर्णतः अलग थी। 17 वर्ष की आयु में उन्होंने एक असाधारण निर्णय लिया, जिसने उनका जीवन बदल दिया। उन्होंने घर छोड़ने और देश भर में भ्रमण करने का निर्णय कर लिया। उनका परिवार नरेंद्र के इस निर्णय पर चकित था, लेकिन उन्होंने नरेंद्र के छोटे शहर का सीमित जीवन छोड़ने की इच्छा को अंततः स्वीकार कर लिया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव

नरेंद्र मोदी दो वर्ष के बाद वापस लौट आये, लेकिन घर पर केवल दो सप्ताह ही रुके। इस बार उनका लक्ष्य निर्धारित था और उद्देश्य स्पष्ट था, वह अहमदाबाद जा रहे थे। वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ कार्य करने का मन बना चुके थे। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है, जो भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए कार्य करता है। आरएसएस से उनका पहला परिचय आठ वर्ष की बेहद कम आयु में हुआ, जब वह अपनी चाय की दुकान पर दिन भर काम करने के बाद आरएसएस के युवाओं की स्थानीय बैठक में भाग लिया करते थे। इन बैठकों में भाग लेने का प्रयोजन राजनीति से परे था। वे यहां अपने जीवन पर सबसे अधिक प्रभाव डालने वाले लक्ष्मणराव इनामदार, जिनको वकील साहब के नाम से भी जाना जाता था, से मिले थे।

## नवनिर्माण आंदोलन : युवा शक्ति

जनता का असंतोष सार्वजानिक आक्रोश में बदल गया, जब दिसंबर 1973 में मोरबी (गुजरात) इंजीनियरिंग कॉलेज के कुछ छात्रों ने उनके खाने के बिलों में बेतहाशा वृद्धि का विरोध किया। इस तरह का प्रदर्शन गुजरात के अन्य राज्यों में भी हुआ। इन प्रदर्शनों को व्यापक समर्थन मिलने लगा और सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा हुआ, जिसे नवनिर्माण आंदोलन के नाम से जाना जाता है।

नरेंद्र मोदी ने एक व्यापक जन आंदोलन तैयार किया, जिसे समाज के सभी वर्गों का समर्थन हासिल हुआ। इस आंदोलन को उस समय और ताकत मिली, जब एक सम्मानित सार्वजानिक हस्ती और भ्रष्टाचार के खिलाफ शंखनाद करने वाले जयप्रकाश नारायण ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया। जब जयप्रकाश नारायण अहमदाबाद आये, तब नरेंद्र मोदी को उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अन्य अनुभवी नेताओं द्वारा आयोजित कई वार्ताओं ने नौजवान नरेंद्र पर एक मजबूत छाप छोड़ी। आखिरकार छात्र शक्ति की जीत हुई और कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। तथापि यह हर्ष अधिक समय तक नहीं रहा। अधिनायकवाद के काले बादलों ने 25 जून 1975 की आधी रात को देश को अपनी गिरफ्त में ले लिया, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के ऊपर आपातकाल थोप दिया।

## भारत में 'धर्म युग' के नायक

भारत प्राचीन काल से ही इस दुनिया में विज्ञान और तकनीक से जुड़े ज्ञान का केंद्र माना जाता रहा है। बीच में एक दौर ऐसा भी आया, जब विदेशी शासकों और औपनिवेशिक युग ने कई प्रमुख संस्थानों को इतना नुकसान पहुंचाया कि उन्हें आज तक फिर जिंदा नहीं किया जा सका। लेकिन देश, काल, परिस्थिति के महत्व का यह वर्णन प्राचीन पवित्र ग्रंथों में रहा है और बीते 10 बरसों में हम धर्म के प्रति समग्र दृष्टिकोण में बड़े और स्पष्ट बदलाव होते देख रहे हैं। भू-राजनीति से लेकर हमारी विदेश नीति तक, भारतीय बोध के एकीकरण और हम पर जोर ने भारत को देखने वाले दुनिया के नजरिये पर जबर्दस्त प्रभाव डाला है।

यह मान लेना अज्ञानता ही होगी कि इसके पीछे विविध पृष्ठभूमि से आने वाले 140 करोड़ भारतीयों के समर्थन वाली मजबूत और स्थिर सरकार की कोई भूमिका नहीं रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में आज भारत 21वीं सदी की सबसे जागृत अवस्था में है। राष्ट्र की इस दिव्यता के पीछे जो प्रचुर आस्था है, उसे बस राजनीतिक इच्छाशक्ति के रूप में देखना सतही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गवर्नेंस के हर पहलू में बेहतर प्रदर्शन किया है और भारत को आध्यात्मिकता, तकनीक और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी लोकतंत्र बनाया है।

हर तरह से देश को एकजुट करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सफलता हासिल की है, वह कोई दूसरा प्रधानमंत्री नहीं कर सका। चाहे सभ्यता और संस्कृति में उत्तर और दक्षिण की खाई को पाटने वाले काशी तमिल संगमम की वाराणसी में स्थापना हो, जिसका मकसद उत्तर और दक्षिण के लोगों के बीच संबंध को मजबूत करना रहा।

तालिबान के आने के बाद अफगानिस्तान से सिखों और गुरु ग्रंथ साहिब के तीन स्वरूपों की सम्मानजनक वापसी को भी इसमें याद किया जायेगा। सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने का पीएम मोदी का एलान भी बहुप्रतीक्षित और ऐतिहासिक कदम रहा।

संसद की नयी इमारत के निर्माण और इसकी शुरुआत ने भी भारत के स्वर्ण युग की यादें ताजा कर दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 मई को जब नयी संसद में चोल राजवंश से जुड़े सेंगोल (राजदंड) की स्थापना की तो यह देश के लिए जड़ों से जोड़ने वाला संजोया गया क्षण रहा। हमारे देश ने दुनिया को कुछ ऐसी अवधारणाएं दी हैं, जो पश्चिमी देशों के लिए अकल्पनीय रही हैं। यह दावा करना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि हमारे ज्यादातर प्राचीन ज्ञान का आधार वैज्ञानिक अनुसंधान और अवधारणाएं रही हैं। हालांकि, कुछ सदियों तक इस अहसास को मिटा दिया गया, लेकिन हाल में इस प्राचीन विरासत का बोध फिर लौट रहा है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ताकतवर नेता हैं, जो लोकतंत्र के पावन मंदिर में इन प्राचीन अनुष्ठानों को करके देशवासियों में गर्वोक्ति का भाव भर रहे हैं।

अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का जीर्णोद्धार और उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण ने हमारे प्राचीन इतिहास के अहम पहलुओं को फिर से उजागर किया है। इसके साथ ही, चोरी और लूट के जरिए विदेश पहुंचीं कलाकृतियों और मूर्तियों का लौटना भारतीय विरासत के लिए गर्व का क्षण है, जो विभिन्न देशों की ओर से खेद जताने का प्रतीक भी है। ऐसे महत्वपूर्ण काम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के स्थायी साक्ष्य के रूप में देश की स्मृति में अंकित हो रहे हैं।

## वैश्विक नेता

जी 20 शिखर सम्मेलन की कामयाबी भी बता रही है कि भारत की संस्कृति, विविधता और सभ्यता वैश्विक क्षेत्र में फिर से नया जीवन ले रही है। इस शिखर सम्मेलन में आये विदेशी मेहमानों को प्रधानमंत्री मोदी ने जो गिफ्ट दिये, वे भी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचायक हैं। इन उपहारों को चुनने की सोच को भी सराहा जाना चाहिए। मेहमानों को जो गिफ्ट दिये गये, उनमें खादी स्कार्फ, कन्नौज का जिगराना इत्र, कश्मीरी पश्मीना शॉल, अरकू कॉफी, दार्जिलिंग और नीलगिरि की चाय और पीतल की पट्टी वाले शीशम की लकड़ी से बने संदूक रहे। ये सभी भारत के कुदरती सौंदर्य और पारंपरिक शिल्प को दिखाते हैं।

अपनी विदेश यात्राओं में भी प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र प्रमुखों को ऐसे ही उपहार देते रहे हैं। जोहानिसबर्ग में हुई समिट में मोदी ने साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति को तेलंगाना की मशहूर सुराही गिफ्ट की तो उनकी पत्नी को नगा संस्कृति का शॉल दिया। ब्राजील के राष्ट्रपति को गोंड पेंटिंग गिफ्ट की। अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी जिल बाइडन को वह कश्मीरी बक्से में हीरा गिफ्ट कर चुके हैं। इस अनूठी उपहार परंपरा ने भारतीय कला को दुनियाभर में मशहूर करने का रास्ता दिखाया है। बीते 10 बरसों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व से भारत की आध्यात्मिक विरासत को देश की एकता के साथ जोड़ने का काम किया है। धर्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के जरिये उन्होंने कई ऐसे कार्यक्रम शुरू किये हैं, जो बेहतर अवसरों के साथ भारत को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा रहे हैं।

योग दिवस और इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स प्रोग्राम जैसी कई पहलों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ऐसे नेता साबित हुए हैं, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती से जुड़े हुए हैं। उनकी ही अगुआई में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर वैश्विक मंच पर मजबूत शिखर के रूप में उभरा है। खास बात यह कि भारत ने उस ब्रिटेन को पीछे छोड़ यह कामयाबी पायी है, जिसका यह देश कभी उपनिवेश रहा है। 23 अगस्त 2023 की शाम 6:04 बजे भारत के चंद्रयान-3 ने इतिहास रचा। भारत अपने लैंडर को चांद के साउथ पोल पर उतारने वाला दुनिया का पहला देश बना। उस शाम जब हर भारतीय इस ऐतिहासिक क्षण के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने के लिए टीवी, फोन और रेडियो से चिपका हुआ था, तो हजारों मील दूर जोहानिसबर्ग में ब्रिक्स समिट में मौजूद प्रधानमंत्री मोदी भी भावुक हो उठे। तब वह दुनिया को यह दिखाने से नहीं कतराये कि उन्हें देश की इस सफलता पर कितना गर्व है। कुछ साल पहले ही जब इस अभियान में नाकामी मिली थी, तब भी वह भारत की स्पेस एजेंसी इसरो के चीफ को सांत्वना देते दिखे थे। आखिर प्रधानमंत्री मोदी के दौर में ही भारत ने यह इतिहास रचा। इतना ही नहीं, हफ्ते भर बाद भारत ने सूर्य की स्टडी के लिए अपना पहला मिशन आदित्य एल-1 भी लॉन्च कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ आध्यात्मिक और वैज्ञानिक नेता ही नहीं हैं, वह महिला अधिकारों के कट्टर समर्थक भी हैं, जिसका बड़ा उदाहरण तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ उनका रुख है।

लिंग समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मोदी के इस कथन से ही साबित होती है- भारत मजबूत है, क्योंकि इसकी बेटियां मजबूत हैं। उनकी हर साल केदारनाथ यात्रा, सैनिकों के साथ दिवाली मनाना, बोहरा समुदाय के साथ आत्मीय नाता भारत के विविध समुदायों से जुड़ने के उनके प्रयासों को ही दिखाते हैं। सामाजिक विभाजन और दुष्प्रचार के बीच, करप्शन और भाई-भतीजावाद के खिलाफ उनकी अटूट जंग भारत को अभिजात्य प्रभुत्व से मुक्त कराने में अहम है। जैसा कि सभी जानते हैं भारत ने पूरी बहादुरी से कोविड-19 महामारी से जंग लड़ी। यह प्रधानमंत्री मोदी का ही मिशन था कि इस वायरस से जंग में पहले देशवासियों को सुरक्षा दी जाये और फिर अन्य देशों को भी वैक्सीन के रूप में मदद दी गयी। उनके लिए हर भारतीय, उनकी जिम्मेदारी सबसे पहले है। यही वजह है कि भारत को जल्द अखंड भारत बनाने के मिशन में उनके अंदर सेल्फ-मेड लीडर की झलक दिखती है। वह एक नेता के रूप में समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं, जो अपने देश को न केवल वैश्विक मंच पर ले गया है, बल्कि उस राह पर भी ले गया है, जो उससे परे थी।

# पद्म विभूषण रामोजी राव का चले जाना

भारतीय मीडिया और फिल्म उद्योग की बड़ी हस्ती और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार को निधन हो गया। उन्होंने 87 साल की उम्र में हैदराबाद में अंतिम सांस ली। उन्हें मीडिया समूहों में अपने योगदान के लिए जाना जाता था। उनका जन्म 16 नवंबर 1936 को आंध्र प्रदेश के पेडापरुपुडी में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 1969 में एक पत्रिका के माध्यम से मीडिया के क्षेत्र में कदम रखा। उनका मानना था कि मीडिया कोई बिजनेस नहीं है। वह रामोजी ग्रुप के प्रमुख थे, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म प्रोडक्शन फैसेलिटीज, तेलुगु न्यूज पेपर ईनाडु, ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज शामिल हैं। उनके अन्य कारोबारों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल थे। रामोजी राव को तेलुगु सिनेमा और मीडिया में उनके योगदान के लिए कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें पद्म विभूषण (2016) भी शामिल है। इसके अलावा उन्हें रामिनेनी फाउंडेशन पुरस्कार और फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी मिल चुके हैं। राव को सामाजिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास में विभिन्न पहलों का समर्थन किया, जिससे अनगिनत लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। रामोजी राव की विरासत उनकी उपलब्धियों से कहीं आगे तक है। उन्हें एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने न केवल भारतीय सिनेमा को बदला, बल्कि मीडिया पेशेवरों की कई पीढ़ियों को भी प्रेरित किया। रावजी की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 में बनायी गयी रामोजी फिल्म सिटी को माना जाता है, जो 1666 एकड़ में फैली है। रामोजी फिल्म सिटी न केवल फिल्म स्टूडियो है, बल्कि यह एक पर्यटक आकर्षण का केंद्र भी है। इसमें बड़े बड़े फिल्म सेट, गार्डन, होटल और फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं। प्रधानमंत्री पद के लिए निर्वाचित पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक नेताओं ने अपनी संवेदना व्यक्त की और मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके काम की प्रशंसा की। वहीं, तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

**रामोजी राव को तेलुगु सिनेमा और मीडिया में उनके योगदान के लिए कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें पद्म विभूषण (2016) भी शामिल है। इसके अलावा उन्हें रामिनेनी फाउंडेशन पुरस्कार और फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी मिल चुके हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यदि आप रेल या हवाई यात्रा करते हैं और विदेशों में घूमने या किसी काम से जाते हैं, तो आपके ले जाने के लिए दाल, सब्जी, परांठे, चावल, खिचड़ी, शाकाहारी, मांसाहारी सभी प्रकार के व्यंजन प्रस्तुत हैं, जिन पर लिखी उनके इस्तेमाल करने की मियाद आपको संतुष्ट कर देती है कि खाने के मामले में कोई चिंता नहीं है। इन्हें तैयार करने में जिस सामग्री का इस्तेमाल हुआ है, वह कानून की मजबूरी के कारण छोटे शब्दों में लिखा जरूर होता है, लेकिन उसे समझना टेढ़ी खीर है। बस आप एक्सपायर होने की तारीख समझ पाते हैं।**

# पौष्टिक और मिलावट रहित भोजन का संकल्प

**पूरन चंद सरीन**

किसी भी देश की समृद्धि इस बात पर निर्भर है कि नागरिकों का खानपान कैसा है, वे कितने ऊर्जावान और स्वस्थ हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने प्रति वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत सन 2019 में की जिसका मुख्य उद्देश्य यही था कि लोग अपने शरीर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक भोजन करें। इस वर्ष का थीम भी यही है। समस्या यह है कि इसे प्राप्त करने में आने वाली रुकावटों को कैसे दूर किया जाये?

**खाद्य सुरक्षा का मतलब**

इस विषय का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि भोजन जीवित रहने के लिए सबसे पहली जरूरत है, बल्कि एक ओर पौष्टिक भोजन तो दूसरी ओर तेजी से बढ़ते हुए हानिकारक विषाक्त खाद्य पदार्थों का उत्पादन है। यह बात मई 2024 में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की एक रिपोर्ट में उजागर हुई है। इसमें कहा गया है कि अल्ट्रा प्रोसैस्ड फूड यानी किसी वस्तु को बहुत अधिक समय तक खाने लायक बनाये रखने के लिए रसायनों के इस्तेमाल से बना भोजन अपने दुष्प्रभावों के कारण सीमित तथा कुछ मामलों में वर्जित होना चाहिए।

**खाद्य पदार्थों को तैयार करने में जिन धातुओं और रसायनों का इस्तेमाल होता है, उनके दूरगामी परिणाम न केवल चिंताजनक हैं बल्कि खतरनाक भी हैं।**

यदि आप रेल या हवाई यात्रा करते हैं और विदेशों में घूमने या किसी काम से जाते हैं, तो आपके ले जाने के लिए दाल, सब्जी, परांठे, चावल, खिचड़ी, शाकाहारी, मांसाहारी सभी प्रकार के व्यंजन प्रस्तुत हैं, जिन पर लिखी उनके इस्तेमाल करने की मियाद आपको संतुष्ट कर देती है कि खाने के मामले में कोई चिंता नहीं है। इन्हें तैयार करने में जिस सामग्री का इस्तेमाल हुआ है, वह कानून की मजबूरी के कारण छोटे शब्दों में लिखा जरूर होता है, लेकिन उसे समझना टेढ़ी खीर है। बस आप एक्सपायर होने की तारीख समझ पाते हैं।



**अनुमान है कि हमारे शरीर की ताकत बनाये रखने के लिए साठ प्रतिशत ऊर्जा खानपान से प्राप्त होती है और शेष व्यायाम, प्रदूषण रहित वातावरण और सही जीवन शैली से मिलती है। अब इसमें डिब्बा बंद खाने-पीने यानी रैडी टू ईट चीजें बड़ी-बड़ी मशीनों से बनती हैं। उनमें रंग, फ्लेवर और एडिटिव मिलाये जाते हैं।**

ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की रिपोर्ट में इसी भोजन के बारे में विस्तार से बताया गया है। बता दें कि यह रिपोर्ट 30 वर्षों के विश्लेषण और गहन अध्ययन का परिणाम है, जो विश्वसनीय है। इसका भी उल्लेख है कि विकसित देशों तथा विकासशील और अविकसित देशों पर इसका क्या प्रभाव पड़ रहा है और आगे भी पड़ेगा। एक ओर शानदार स्वास्थ्य सुविधाओं और धन की कमी न होने के कारण अमीर देश हैं और दूसरी ओर बाकी दुनिया है, जो सबसे अधिक प्रभावित है।

**विपरीत प्रभाव**

असल में इन खाद्य पदार्थों को तैयार करने में जिन धातुओं और रसायनों का इस्तेमाल होता है, उनके दूरगामी परिणाम न केवल चिंताजनक हैं बल्कि खतरनाक भी हैं। लंबी अवधि तक इन्हें खाते-पीते रहने से कैंसर, हृदय रोग, सांस संबंधी, मानसिक, पेट से जुड़ी बीमारियां और मृत्यु तक होने के आंकड़े दिये गये हैं। विडंबना यह है कि इनका उत्पादन रोका नहीं जा सकता, क्योंकि ऐसा करने पर किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर गहरी चोट पहुंच सकती है। इसके अतिरिक्त पिछले दशकों में विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से खाद्य पदार्थों का उत्पादन बहुत अधिक हुआ है। उसकी पूरी खपत होना कठिन है और गोदामों में भी कब तक रखा जा सकता है! इसलिए प्रोसैस्ड फूड का चलन और उसके लिए औद्योगिक इकाई लगाना प्राथमिकता हो गया है।

इसके अतिरिक्त खेत, खलिहान से लेकर कारखानों तक कच्चा माल पहुंचाने को ध्यान में रख कर सड़क परिवहन और आने जाने के साधनों का विकास हुआ है। पशु पालन, डेयरी उद्योग, जलीय जीवों को खाने योग्य बनाने और प्रोसेसिंग के जरिए उन्हें तरोताजा बनाये रखने के लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल अनिवार्य है। यह सब विशाल पैमाने पर होता है।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर इस रिपोर्ट को लेकर सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर समझने के लिए व्यापक बहस होना आवश्यक है। हमारे देश में तो यह और भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि हम आर्थिक दशा सुधारने के लिए अपने बढ़ते कदमों की गति नहीं रोक सकते, यह आत्मघाती होगा, लेकिन इसी के साथ यह भी सच है कि नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर कोई ढीलापन भी नहीं दिखा सकते। हमारी खेतीबाड़ी, फलों का उत्पादन और मुर्गी या मछलीपालन जैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके कुटीर उद्योगों में रोजगार की असीम संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

अनुमान है कि हमारे शरीर की ताकत बनाये रखने के लिए साठ प्रतिशत ऊर्जा खानपान से प्राप्त होती है और शेष व्यायाम, प्रदूषण रहित वातावरण और सही जीवन शैली से मिलती है। अब इसमें डिब्बा बंद खाने-पीने यानी रैडी टू ईट चीजें बड़ी-बड़ी मशीनों से बनती हैं। उनमें रंग, फ्लेवर और एडिटिव मिलाये जाते हैं। इनमें सेहत के लिए नुकसानदायक रसायन भी शामिल हैं। यदि इसमें आजकल तेजी से बढ़ रहे डायटीशियन के व्यवसाय को जोड़ लिया जाये, तो इन चीजों की खपत का आंकड़ा बहुत अधिक है। खाद्य सुरक्षा से जुड़ा एक और विषय है जो खाने-पीने की चीजों में की जाने वाली मिलावट से जुड़ा है। यह बहुत गंभीर है और समाज इसके प्रति अक्सर नर्म रुख अपनाता है, क्योंकि उसे मिलावट करने वालों से जो कानूनी सुरक्षा मिलनी चाहिए, वह लगभग नदारद है। मिलावटियों को केवल साधारण जुर्माना या थोड़ी सी कैद दी जा सकती है, जबकि यह इतना गंभीर अपराध है कि इन्हें मृत्यु दंड या आजीवन कारावास मिलना चाहिए।

## रांची की खबरें

### बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के विद्युत संकाय विभाग में इलेक्ट्रिकल व्हीकल पर सेमिनार



रांची (आजाद सिपाही)। बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के विद्युत संकाय विभाग में इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्ज और चार्जिंग स्टेशन पर शनिवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र गतिशील केंद्र के संयोजक कृष्णा महली ने किया। बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के प्राधानाचार्य डॉ. कुमार सौरभ ने कहा कि इवी इलेक्ट्रिक वाहन का संक्षिप्त रूप है। नेक्सॉन इवी, एमजी जेडएस इवी, महिंद्रा एक्सयूवी 400 इवी आदि अनेक कंपनी की इलेक्ट्रिक कार है। बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पूरी तरह से बिजली द्वारा संचालित है। ये हाइब्रिड और प्लग इन हाइब्रिड की तुलना में अधिक कुशल हैं। इलेक्ट्रिक वाहन वायु प्रदूषण और उससे होने वाली समस्याओं को कम करते हैं। विभागध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि इ-वाहनों से मोटर वाहन खरीदने का खर्च कम हो जायेगा। इलेक्ट्रिक वाहन कम शोर और कंपन कम पैदा करते हैं। संस्थान के चेयरपर्सन डॉ. वंदना कुमारी और चेयरमैन डॉ. रंजीत कुमार ने भी लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन के प्रति जागरूक करने के प्रयास की सराहना की।

### आइआइए झारखंड चैप्टर का पर्यावरण जागरूक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। आइआइए झारखंड चैप्टर के द्वारा शनिवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी में पर्यावरण जागरूक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश जल संगरक्षण और उसका पुनः उपयोग पर विशेष चर्चा रखी गयी। पर्यावरण बचाओ की नयी तकनिकी की गुणवता देखने के लिए झारखंड राज्य के 50 वरिष्ट आर्किटेक्ट और बीआइटी मिश्रा के फैकल्टी ने भाग लिया। कार्यक्रम में सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वीसी गोपाल पाठक ने पर्यावरण विज्ञान पर जानकारी देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय 44 एकड़ में बनाया गया है। इसमें ग्रीन एरिया के साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नयी तकनिकी से बनाया गया है। कैंपस प्लाप्निंग में रांची के वरिष्ट आर्किटेक्ट अरुण कुमार का मार्ग दर्शन रहा है। वहीं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार बिनय कुमत सिंह कहा कि हमलोग विश्विद्यालय कैंपस को ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन के लिए काफी कार्य कर रहे हैं। एसटीपी एक्सपर्ट डॉ. रजनीकांत विद्याधर कहा कि कैंपस में 30 केएलडी कैपेसिटी का सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। इसको बनाने में 15 लाख लगत आयी है। इसको बनाने के लिए 1200 वर्ग फीट क्षेत्र की आवश्कता होती है। यह एमबीबीइआर फिल्टर तकनीकी से काम करता है। इसमें चार स्टेज के टैंक होते है, जो स्वतः संचालित होता है। इस मौके पर आर्किटेक्ट स्मृति मिश्रा, अनुराग कुमार, अनुपम देव, नितेश पौल नाग, गोपीकांत महतो, अनूप कुमार, हर्ष राज, सौरव टोप्पो, दिव्या सिंह, प्रिया अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, निखिल जैन, शिखर श्रेष्ठ, मयंक कुमार, अविसेख सिंह, हिमांशु सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची के लोको पायलट को पीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का मिला न्योता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है। समारोह में शामिल होने के लिए रांची रेलमंडल के लोको पायलट एएसपी तिर्की को भी आमंत्रण भेजा गया है। वह रांची-हावड़ा और रांची-वाराणसी वंदेभारत एक्सप्रेस में लोको पायलट हैं। रांची-हावड़ा वंदेभारत का संचालन करने वाले पहले आदिवासी लोको पायलटों की लिस्ट में हैं। वह अपनी पत्नी मेरी तिर्की के साथ शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गये। वह बिरसा चौक के पास रहते हैं। एएसपी तिर्की ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि इतने बड़े कार्यक्रम में उनको बुलाया जायेगा। वह कहते हैं कि वह अपने काम के प्रति हमेशा ईमानदार रहे हैं। पीएम के शपथ ग्रहण का निमंत्रण पाकर उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है। तिर्की वर्तमान में रांची से बनारस और रांची से हावड़ा जाने वाली वंदे भारत ट्रन के लोको पायलट हैं। वह राजधानी जैसी ट्रेनों में भी चालक रह चुके हैं। बता दें कि देशभर से बेहतर 10 लोको पायलट को इस समारोह में आमंत्रित किया गया है। एएसपी तिर्की को बेस्ट रेलवे वर्कर का पुरस्कार भी मिला है। उन्होंने वर्ष 1990 में रेलवे में योगदान दिया था। स्कूली शिक्षा सीसीएल मिडिल और हाइस्कूल, बरकाकाना से की है।

### डीएसपीएमयू के शिक्षक जीसी बास्के एनसीसी में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बिहार और झारखंड निदेशालय के मेजर जनरल एएस बजाज, एडीजी एनसीसी की ओर से प्रशिक्षण वर्ष 2023 से 2024 के दौरान एनसीसी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कैप्टन (डॉ.) जीसी बास्की को सम्मानित किया। यह पुरस्कार वितरण समारोह रांची ग्रुप एनसीसी में आयोजित किया गया। ब्रिगेडियर वीएस यादव ग्रुप कमांडर रांची ग्रुप एनसीसी ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनसीसी अधिकारियों और कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान किये। इस समारोह में रांची ग्रुप एनसीसी के सभी कमान अधिकारी तथा सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कैप्टन (डॉ.) जीसी बास्की के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने अनेकों गतिविधियों में हिस्सा लिया और कई उपलब्धियां हासिल कीं। आज इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य तथा कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कैप्टन (डॉ.) जीसी बास्के को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी। गौरतलब है कि डॉ जीसी बास्की जूलोजी के सहायक प्राध्यापक है। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने मौके पर कहा कि यह विवि के लिए गौरवान्वित करनेवाला पल है कि शिक्षण के साथ उन्होंने एनसीसी गतिविधियों में भी अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### आयुष्मान भारत योजना के तहत बकाया राशि के कारण इलाज बंद : नायक

**सीएम और मंत्री को लिखा पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को इमेल के माध्यम से पत्र लिखा है। बताया है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पिछले 6 महीना से करोड़ों की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से राज्य के सभी प्राइवेट अस्पताल ने गरीब-गुरबा मरीजों का इलाज करने से मना कर दिया है। सरकारी अस्पताल में इस योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण फिलहाल आयुष्मान कार्ड के तहत किसी तरह की सुविधा गरीब-गुरबा मरीजों को नहीं मिल पा रही है। कई अस्पताल तो विधिवत अपने नोटिस बोर्ड पर सूचना चिपका दिये हैं कि वर्तमान में अभी आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज की सुविधा बंद है। श्री नायक ने कहा कि कई अस्पताल संचालकों ने इस संदर्भ में यह भी जानकारी दी है कि पूरे राज्य में आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों के करीब 100 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। चिकित्सा उपकरणों के संचालन में भी हर दिन भारी खर्च होता है, ऐसे में अस्पताल प्रबंधन को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में सरकारी अस्पताल में भी आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जगन्नाथपुर थाने से आरोपी फरार, आइओ को शोकॉज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाने से ठगी और चोरी के आरोपी के फरार होने के मामले को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गंभीरता से लिया है। मामले में एसएसपी ने जगन्नाथपुर थाने में पदस्थापित केस आइओ धीरज को शोकॉज किया है। एसपी ने केस आइओ को 3 दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है।

गौरतलब हो कि रांची के हटिया की रहने वाली 79 वर्षीय प्रोफेसर डॉक्टर भारती सिन्हा के लाचारी का फायदा उठाकर एक ऑटो ड्राइवर ने 27 लख रुपये खाते से गायब कर दिये। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार किया था लेकिन आरोपी चालक सुनील साहू पुलिस को चकमा देकर जगन्नाथपुर थाने के पुलिसकर्मियों के नाक के नीचे से फरार हो गया।



फरार आरोपी सुनील साहू।

केस आइओ ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कोई पहल नहीं की। प्राथमिकी दर्ज करने वाले डॉक्टर भारती सिन्हा के भतीजे युवा कांग्रेस महासचिव और रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को साक्ष्य उपलब्ध कराये हैं।

### बकरीद 17 को : इमारते शरिया

रांची (आजाद सिपाही)। दारूल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने कहा कि जीकादा 1445 हिजरी की 29 तारीख को चांद देश के विभिन्न स्थानों पर आम तौर पर नजर आया है। इसलिए शनिवार आठ जून को जिल्हीज्जा महीने की पहली तारीख है और सोमवार 17 जून को जिल्हीज्जा महीने की दसवीं तारीख यानी इदुल अजहा बकरीद है। उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारूल कजा इमारत शरिया फुलवारीशरीफ पटना का है।

### ऑनलाइन जुआ के मास्टरमाइंड समेत आठ गिरफ्तार, हथियार बरामद

रांची (आजाद सिपाही)। पुलिस ने ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले मास्टरमाइंड समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावे सुभम कुमार, विनय कुमार, निरज कुमार रजवार, विकाश कुमार, सागर कुमार और आदित्य कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि मोरहाबादी के रजिस्ट्री ऑफिस के पास एक युवक दीपक टंडन अवैध 7.65 पिस्टल के साथ आया है। मामले की जांच करते हुए उसको गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसके पास से 13 सिम कार्ड बरामद हुआ, जिस संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ये ऑनलाईन जुआ खेलवाता है। इसके लिए बरियातु थाना के इशा अपार्टमेंट और जय जगरनाथ अपार्टमेंट में क्रमशः 16,500 और 14 हजार में भाड़ा पर लिया है। इन दोनों जगहों पर छापामारी पर सात लोगों की गिरफ्तारी हुई। इसके अतिरिक्त दोनों जगहों पर मिलाकर करीब 150-200 शराब की खाली बोतलें कमरो में मिली। सभी ने पूछताछ में बताया कि दीपक टंडन और सुभम कुमार इसके संचालक है। शेष लोग 25 हजार, 30 हजार के वेतन पर आवास, खाने-पीने और अन्य सुविधा के साथ काम करते हैं। इन लोगों ने प्रति सप्ताह लगभग 10-15 लाख का अवैध जुआ का धंधा कराने की बात बतायी। इन लोगों के द्वारा स्टार एक्सचेंज, लोट्स-999 साइट्स के माध्यम से जुआ खेलवाते थे। 12 पासबुक, 50 चेकबुक और एक देसी पिस्टल बरामद किया गया है।

### दुल्ली में एक कंटेनर में आगजनी और मजदूर को जिंदा जलाने की घटना का खुलासा

# पुलिस ने पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने दुल्ली में एक कंटेनर में आगजनी और मजदूर को जिंदा जलाने वाले घटना का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल पांच अपराधियो को भी गिरफ्तार किया है। मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि 28 मई को रात्रि 9:45 बजे मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चामा-मैक्लुस्कीगंज रोड में स्थित दुल्ली करमकोचा टोला के पास सड़क किनारे खडा एसआइपीएल कंपनी के ड्रील मशीन लदा हुआ कंटेनर ट्रक जो बीएसएनएल कंपनी का फाईबर केबल बिछाने का काम कर रही थी, को अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा कर जला दिया गया था, जिसमें संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। इस संदर्भ में कंपनी के चालक अखिलेश ठाकुर के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना कांड सं० 23/2024 , 29.05.2024 धारा-384/387/435/436/427/326 /302/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। कांड के उद्भेदन और संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया था जिसमें पुलिस उपाधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी खलारी विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज गोविंद कुमार और अन्य पुलिसकर्मि शामिल थे। घटना के बाद से ही पुलिस टीम द्वारा घटना के उद्भेदन के लिए प्रयास किया जा रहा था। वादी पक्ष के पास धमकी का ऑडियो था जिसे स्थानीय ग्रामिणों और अन्य कि मदद से ऑडियो की आवाज की पहचान अभियुक्तों के रूप में की गयी। वही अन्य सूत्रों से भी अभियुक्तों का घटना कारित करने की पुष्टि हुई। थाना क्षेत्र और आस-पास के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 7 जून को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम दुल्ली जंगल के पास से तीन अपराधकर्मियों रवि मुंडा उर्फ प्रभात जी, रूपेश पाहन उर्फ रूपेश मुंडा और महेश उरांव को हिरासत में लिया गया तथा इनलोंगों से गहराई से पूछताछ की गयी। पूछताछ के कम में इनलोंगों द्वारा आगजनी की घटना कारित करने की बात स्वीकार किये। तथा बताये कि 13 मई को कंपनी के साईट पर जाकर मजदूर लोगों को धमकाये थे तथा चालक का मोबाईल लेकर चले गये थे उसी मोबाईल से ठिकेदार से दो लाख की रंगदारी की मांग किये थे अंत में ठिकेदार द्वारा 20 हजार रूपया देने का बात तय हुआ था। ठिकेदार के द्वारा वो भी पैसा हमलोगों को नही दिया गया। जिससे गुस्सा होकर आगजनी की घटना को अंजाम दिये थे। तथा घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों का नाम उजागर किये।

**गिरफ्तार अपराधी**

रवि मुंडा उर्फ प्रभात जी महुआटांड चारा, महेश उरांव ग्राम तेतरटोली थाना चान्हों जिला रांची,रूपेश पाहन उर्फ रूपेश मुण्डा पिता झरी पाहन ग्राम दुल्ली, दिनेश उरांव पिता चुंडा उरांव ग्राम महुआटांड चान्हो, अनिश केरकेट्टा पिता अशोक मुंडा ग्राम केदल थाना मैक्लुस्कीगंज जिला रांची

**बरामद सामान**

7.65 का एक पिस्टल 7.65 का दो चक जिंदा गोली,एक देशी कट्टा, 8 का 04 चक जिंदा गोली एव विभिन्न कंपनियों के पांच मोबाईल एव दो लूटा गया मोबाईल दो मोटरसाईकिल बरामद किया है।

### विशेष लोक अदालत में दो मामलों का निष्पादन

# पीड़ितों को 11.25 लाख का भुगतान




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, खूंटी रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा शनिवार को एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा ट्रिब्यूनल) संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। संजय कुमार, जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम, आरके मिश्रा जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, प्राची मिश्रा, जिला और सत्र न्यायाधीश तृतीय की गठित एकल बैंच द्वारा मामलों की सुनवाई की गयी। विशेष लोक अदालत में सात लंबित मामलों को प्रस्तुत किया गया। उक्त मामलों में से दो मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही 11,25,000 रुपये की राशि प्रतिकार के रुप में पीड़ितों को दिलाई गयी। यह जानकारी प्राधिकार के सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद न हो : दिलीप मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी झारखंड विकास मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष और समाज सेवी दिलीप मिश्रा ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर खूंटी जिला सहित राज्य के अन्य जिलों के आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं का नामांकन प्लस टू स्कूल तथा पूर्व की तरह डिग्री कॉलेज में करने की मांग की है। पत्र में दिलीप मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में प्लस टू स्कूल की पढ़ाई में छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। डिग्री कॉलेज में इंटर की पढ़ाई इस सत्र से बंद कर दी गयी है। अधिकतम छात्र-छात्राएं जैक बोर्ड द्वारा ही उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय विद्यालयों में प्लस टू की पढ़ाई सभी जगहों पर नहीं होती है। साथ ही उन विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की भी कमी है। मिश्रा ने झारखंड राज्य के छात्राओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर प्लस टू स्कूलों की संख्या तथा सीट बढ़ाने तथा डिग्री कॉलेजों में पूर्व की तरह इंटर की पढ़ाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## मुंडारी भाषा सर्वेक्षण त्रुटि को सुधारने को लेकर ज्ञापन सौंपा




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शनिवार को मुंडारी भाषा उलगुलान समिती बुंडू के तत्वाधान में प्रखंड बीईओ बुंडू, बीडीओ बुंडू और अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू को बुंडू प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में मुंडारी भाषा सर्वेक्षण त्रुटि को सुधारने को लेकर ज्ञापन सौंपा बुंडू प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत गांव के बच्चों द्वारा बोली जानी वाली मातृभाषा से प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को शुरूवाती शिक्षा देनी है और बुंडू प्रखंड के अधिकतर गांव में मुंडारी भाषा का प्रयोग किया जाता है। लेकिन शिक्षा विभाग के सर्वे रिपोर्ट में मुंडारी के स्थान पर अन्य भाषाओं को स्थान दिया गया है जो मुंडारी मातृभाषा वाले बच्चों के साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसे में पुनः सर्वे करा कर मुंडारी को प्राथमिक विद्यालयों में शामिल किया जाए। ज्ञापन दिए जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू मोहन लाल मरांडी ने कहा कि इस ज्ञापन को उच्चाधिकारी को अवगत करा दिया जायेगा और त्रुटि में सुधार किया जायेगा। इस मौके पर संदीप मुंडा, लखीराम मुंडा, गुरुप्रसाद मुंडा, सीताराम मुंडा, गौतम राज मुंडा, धरम सिंह मुंडा, सुखलाल मुंडा, श्रवण मुंडा, रुमेला कुमारी, सारूबाला कुमारी एवं समिती के सदस्य मौजूद रहें।

## अग्निवीर में चयनित होनेवाले गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के दो एथलेटिक्स खिलाड़ियों का हुआ स्वागत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी अभय कुमार नायक एवं प्रियांशु प्रताप सिंह के अग्निवीर के लिए चयन होने पर षनिवार को राय पहुंचने पर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव सह खेलकूद प्रशिक्षक गणेश कुमार महतो के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खलारी थाना के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) राजकिशोर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राय पंचायत मुखिया शीला देवी ने दोनों अग्निवीर अभय कुमार नायक एवं प्रियांशु प्रताप सिंह को बुके देकर और पुश्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर गणेश कुमार महतो ने बताया कि क्लब के दोनों एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन 6 महीना पहले आर्मी अग्निवीर के लिए हुआ था। इस दौरान दोनों के अग्निवीर जवान के माता-पिता के अलावा दशरथ महतो, दुर्गा प्रसाद महतो, संतोष प्रजापति, नरेश महतो, संतोष महतो, कालेष्वर महतो, मद्रासी, संदीप महतो, कुमार गौरव, अमित महतो, लोकन महतो, रेखा देवी, सीता देवी, मालती देवी, बसंती देवी, अनुवा देवी, समुद्री देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर में कई लागों की हुई जांच



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राजस्थान भवन खूंटी में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा रविवार को मुफ्त स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया। रांची के आर्किड मेडिकल सेंटर की टीम द्वारा जांच शिविर में लोगों की मुफ्त जांच किया गया। डॉ गौतम नेतृत्व में जनरल फिजिशियन डॉ एस कुमार, गाइनाकोलॉजिस्ट डॉ प्रियंका ने मरीजों की जांच की। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, इसीजी, नेत्र जांच और स्त्री रोग की जांच की सुविधा उपलब्ध थी। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी से आई रीजनल मैनेजर रवि, ब्रांच मैनेजर अभिषेक, सेल्स मैनेजर अजय, एडवाइजर संदीप मौजूद थे। उन्होंने लोगों के बीच हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी कई महत्पूर्ण बातें बताई।

## कोलफील्ड मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने की सीसीएल सीएमडी के साथ बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस मे कोल फील्ड मजदुर युनियन और सीसीएल सीएमडी एनके सिंह के बीच बैठक हुई। इस बैठक में यूनियन के सभी क्षेत्र के पदाधिकारी शामिल हुए। कोलफील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय महामंत्री राघवन रघुनंदन के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक मे मजदुरो के आवास आवांटन, आवास मरम्मत, प्रमोशन, पानी सहित माइंस से संबंधित समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। समस्या सुनने के बाद सीसीएल सीएमडी ने समस्या के समाधान करने का भरोसा दिया। बैठक में एरिया स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक कमेटी गठित कर समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया गया। इस बैठक में पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के भी कई पदाधिकारी शामिल हुए। पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के द्वारा सीसीएल सीएमडी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। बैठक में पिपरवार क्षेत्र से भीम सिंह यादव, अनिल कुंवर, रामू गोप, हरिवंश महतो, गांधीराम साहू, अकलू यादव सहित यूनियन के कई पदाधिकारी शामिल हुए।

### किसानों के बीच अनुदानित दर पर उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण

# सीमांत और लघु किसानों को जरूरत के आधार पर अनुदानित बीज उपलब्ध कराया जायेगा : संतोष लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति और जिला कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को तोरपा प्रखंड के दियांकेल स्थित तोरपा को ऑपरेटिव से जुड़े करीब एक सौ किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। बीज विनियम वितरण योजना अंतर्गत 50 फीसदी अनुदान पर धान के हाइब्रिड और ललाट किस्म कें बीज उपलब्ध कराये गय। खरीफ मौसम के लिए अनुदानित बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लंकड़ा और प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख ने किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को आश्वासत किया कि तोरपा कॉपरेटिव के माध्यम से सभी सीमांत और लघु किसानों को जरूरत के आधार पर अनुदानित बीज उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर दियांकेल पंचायत की मुखिया शिशिर तोपनो, जरिया पंचायत की मुखिया बिमला डोडराय, उकडीमाड़ी पंचायत की मुखिया अनास्तासिया आइंद, तोरपा ब्लॉक की बीटीएम अंजना सुरीन कॉपरेटिव की अध्यक्ष इतवारी देवी और सीईओ प्रिय रंजन आदि मौजूद थे।

# बाइक दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के हुड़वा पुल के पास शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो युवक घायल हो गये। मृतक की पहचान अड़की के हुड़वा गांव निवासी 24 वर्षीय अर्जुन स्वांसी पिता एतवा स्वांसी के रूप में हुई है। घायलों में उसी गांव के 18 वर्षीय सुदेश्वर स्वांसी और 20 वर्षीय प्रेमचंद सिंह मुंडा का इलाज सदर अस्पताल खूंटी में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हुड़वा गांव के उक्त तीनों युवक उलिहातू गांव में शुक्रवार रात आयोजित छऊ नृत्य उत्सव देखने गये थे। उलिहातू में रात भर छऊ नृत्य उत्सव का आनंद उठाने के बाद शनिवार सुबह तीनों युवक बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हुड़वा गांव के समीप पुल के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खंभे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना के बाद तुरंत उनके स्वजन और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तीनों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले आये, जहां चिकित्सकों ने अर्जुन स्वांसी को मृत घोषित कर दिया। बाद में अड़की थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

# पिपरवार के हाइवा ऑनर, मुंशी और पेटी कांट्रेक्टर ने मंत्री-विधायक को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य मे कम रेट मे टेंडर लाने पर जय अंबे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड का विरोध लगातार जारी है। शनिवार को बचरा साईडिंग से जुड़े हाईवा मालिक,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टरो ने संयुक्त रूप से झारखण्ड के श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकाश और उधोग विभाग के मंत्री सत्यानंद भोगता एंव बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बचरा साईडिंग से जुड़े हाईवा ऑनर,पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को उचित भाड़ा दिलाने एंव दस चक्का वाहन चलाने की मांग की गयी है। इस संबंध मे हाईवा मालिको ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी जय अंबे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कम रेट मे टेंडर लाने से हाईवा मालिको के अलावे पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को काफी नुकसान होगा। पूर्व मे एकेटी कंपनी के समय से भाड़ा वृद्धि की मांग की जा रही थी और एकेटी कम्पनी का टेंडर समाप्त होने के बाद जय अम्बे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ने 16 प्रतिशत बिलो टेंडर डालकर काम लिया है।हाईवा ऑनरो ने कहा कि कंपनी कम रेट की भरपाई करने के लिए 16 चक्का व 14 चक्का हाईवा डम्पर से कोयला ढुलाई का प्रयास कर रही है। ज्ञापन के माध्यम से उचित भाड़ा और दस चक्का वाहन चलाने की मांग की गयी है। ज्ञापन सौंपने वालो मे राजेश सिंह,सुभाष साव, सुखी गंझु, राजेन्द्र साव, जगदीश महतो, गणेश महतो, दीपक साव, उमेश यादव, अशोक साव, छोटु खान, रविंद्र महतो, कोलेश्वर महतो, छोटू सिंह, नागेश्वर साव, दशरथ महतो,मुन्ना खान,नसीम खान,नवल किशोर चौधरी, अनिल पांडेय, अमित गुप्ता, लक्ष्मण मंडल,फूलदेव यादव, बालगोविंद महतो सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत मे विजयी जुलुश निकाला गया। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह विजयी जुलूस निकाला। भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता के नेतृत्व में निकाले गये विजयी जुलुश मे काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा बेंती बुध बाजार टाड से करमकटी भुईंया टोला केसरी मुहल्ला बरवाटोला तक विजयी जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे जोश के साथ नारेबाजी की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के पुत्र पंकज राज और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, भाजपा युवा जिला महामंत्री विकी मालाकार, पंचायत प्रभारी गणेश गुप्ता सहित कई लोग इसमें शामिल हुए। जीत के जश्न में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से पहली बार स्थानीय उम्मीदवार की जीत हुई है। मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, धनराज भोगता, मंडल महामत्री संजय भोगता, सुखी गंझू, करण महतो, अमित कुमार, रोहित मांझी, आदित्य केसरी, रामलाल महतो, गणेश भुईया, सोमर गंझू,गोलू कुमार, बासुदेव गंझू,रतन गंझू, अरुण पासवान, रवि केशरी, दिनेश केसरी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोनाहातू पुलिस ने शराब भट्ठी को किया नष्ट

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सोनाहातू पुलिस ने शनिवार को पुडदाग, लोवाडीह और जुड़गा गांव में अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया। थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने तीनों गांवों में बारी-बारी से छापामारी कर भट्ठी को नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस ने ड्रम में रखे जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस ने कहा की अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। किसी का गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## राष्ट्रीय मार्ग पर लगी लाइट एक महीने से है खराब



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग 33 पर लगे लाइट एक महीने से खराब है। राष्ट्रीय मार्ग पर 33 के तैमारा के पास और टोल टैक्स के सामने छोटकोलमा के पास पर लगायें सोलर लाइट लगभग एक महीना से खराब है। इन डेंजर एरिया पर लाइट खराब रहने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस पर एनएचआई 33 के मेंटेनेंस डिपार्मेंट चुप्पी साधे है। इस विषय को लेकर टोल टैक्स के मैनेजर अनुराग पांडेय को पूछने से कहा यह कार्य एनएचआई के मेंटेनेंस डिपार्मेंट का है।

## शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों ने विधायक से की मुलाकात



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पांच परगना किसान कॉलेज के शिक्षक और शिक्षाकेतर कर्मचारी तमाड़ विधायक के आवास पर मुलाकात कर पांच परगना किसान कॉलेज के इंटर संकाई में बच्चों के नामांकन और शिक्षक शिक्षेकेतर कर्मचारियों का समायोजन को लेकर मुलाकात की। बच्चों की समस्याओं को लेकर विधायक को अवगत कराये जिसे विधायक ने गंभीरता से लेकर कहा कि इस विषय पर झारखंड के मुख्यमंत्री से बात करेंगे। इस समस्या का समाधान निकालेंगे मौके पर सविता कुमारी, उत्तरा मेहता, सोनम जायसवाल, प्रवीन कुमार, कुणाल श्रीवास्तव, दिलेश्वर महतो, अजय उरांव, जयंती रानी महतो उपस्थित थे।

## फुटबॉल लीग में जांबाज ब्रदर्स की शानदार जीत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच मुंडा एफसी और जांबाज ब्रदर्स के बीच आमलेशा मैदान में खेला गया। यह मुकाबला जांबाज ब्रदर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए 7-1 गोल से जीता। मैच के दौरान मैदान में हरीश चंद्र मुंडा, लखिनारायण मुंडा, करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा, महावीर पुरान, प्रेम पूर्ति, जॉन कमल, खुदिया मुण्डा आदि उपस्थित रहे। रविवार का मैच एफ सी तमाड़ बनाम जूनियर एफ सी के बीच होगी।

## स्वर्णरेखा नदी घाट से पूजास्थल तक कलश यात्रा



**मुरी (आजाद सिपाही)।** आज सुबह दस बजे लगभग टुंगरी धार मुरी महिलाओं द्वारा आयोजित एक दिवसीय राम चरित मानस पाठ और प्रवचन के अंतर्गत क्लश यात्रा की गयी। क्लश यात्रा मुरी स्वर्ण रेखा नदी घाट से जल उठा कर टुंगरी धार पूजा स्थल के पास स्थापित किया गया। विधिवत रूप से क्लश स्थापना के बाद आरती किया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। बंगाल के पुरोहित बिष्णु गोस्वामी द्वारा पूजा के सभी कार्यक्रम किए गये। शाम सात से नौ बजे वंशा के अष्टमी ममतो, नौ से रात बराह बजे तक डुमरडीह के विजय महतो और रात बारह से सुबह तीन बजे तक सोनाहातु के रेखा पांडेय द्वारा पाठ और प्रवचन होगा।

## बढ़ती गर्मी के कारण नर्सरी से 5वीं तक 17 जून तक विद्यालय बंद

गढ़वा। जिला पब्लिक स्कूल्स समन्वय समिति गढ़वा की बैठक शनिवार को आरकेवी संस्थान में की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने की जबकि संचालन सचिव मदन केशरी ने की। इस बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य और पीड़ादायक बढ़ती तापमान व गर्मी के मद्देनजर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जूनियर सेक्शन कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 5 वीं तक के लिए उनके अध्यापन कार्य आगामी 17 जून तक स्थगित रहेगा जबकि कक्षा 6ठी से लेकर 12 वीं तक के लिए अपने निर्धारित तिथि 10 जून (सोमवार) से सुचारू रूप से संचालित रहेगा। सभी विद्यालय का अध्यापन कार्य सुबह 6:30 से पूर्वाह्न 10 बजे तक होगा।

# अबुआ आवास में अवैध वसूली की शिकायत

## डीडीसी ने मुखिया पति पर एफआइआर करने का दिया निर्देश

**मेराल प्रखंड की गोंदा पंचायत के 14 वार्ड सदस्यों ने अवैध वसूली का लगाया है आरोप**

**मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा लगाये गये संध्या चौपाल में भी ग्रामीणों ने की थी इसकी शिकायत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में अवैध वसूली की शिकायत पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने बीडीओ मेराल को गोंदा पंचायत के मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी पर 24 घंटा के अंदर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। इस मामले में गोंदा पंचायत के 14 वार्ड सदस्यों के द्वारा मुखिया पति सुरेन्द्र गोस्वामी पर अबुआ आवास में अवैध वसूली का आरोप लगाया गया है, साथ ही गोंदा के सुशीला देवी, पति राजेंद्र साव और फुलमनी देवी पति बच्चु राम के द्वारा भी लिखित बयान देकर सुरेंद्र गोस्वामी के द्वारा अबुआ आवास में स्वीकृति के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत की गयी है। डीडीसी ने कहा है कि अवैध रूप से वसूली संबंधी मामला काफी गंभीर है, जो क्षम्य नहीं है। डीसी ने शिकायत पत्र और संलग्न बयान के आलोक में संबंधित दोषी पर 24 घंटे के अंदर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए निदेशित किया गया है। साथ ही उक्त अनियमितता में सम्मिलित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को भी चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करते हुए आवश्यक प्रस्ताव के साथ कृत कार्रवाई प्रतिवेदन 10 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निदेश दिया है। डीडीसी ने सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि ऐसे किसी प्राप्त शिकायत के आलोक में संबंधित दोषी पर प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करें।

### मंत्री से भी ग्रामीणों ने की थी शिकायत

बता दें कि दो दिन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा गोंदा गांव में लगाये गये संध्या चौपाल में भी ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत करते हुए जमकर हंगामा किया गया था। मंत्री द्वारा भी मामले को गंभीर बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही गयी थी।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : अलखनाथ

आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का दूसरा इनहाउस कार्यशाला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा सेशन 2024-25 का दूसरा इनहाउस ट्रेनिंग आज आरकेवीएस के सभागार में आयोजित किया गया।इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकायें सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और मिथलेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

आज के कार्यशाला का विषय 'कॉपरेटिव लर्निंग' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए रिसोर्स पर्सन के रुप में आरकेपीएस गढ़वा के प्राचार्य संतोष पाण्डेय, शिक्षक बीके मिश्रा, शिक्षिका नीतू सिंह और उंचरी मंझिआंव स्कूल से समीर वर्मा थे। इस विषय पर चेयरमैन सह निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र और समाज का निर्माण मानव संसाधन से होता है और अच्छे मानव संसाधन के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षकों में टीम बिल्डिंग और टीम वर्क बहुत जरूरी है। प्रोडक्टिव रिजल्ट पाने के लिए टीम में काम का विभाजन जरुरी है ताकि वे अपने कार्यों के प्रति जागरूक, जवाबदेह और ईमानदार रहें। हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ उनका सर्वांगीण विकास हो। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों के प्रति रुचि, वफादारी और संतुष्टि का भाव रखें। शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की योग्यता, क्षमता, रुचि, अभिरुचि के अनुसार उनका मार्गदर्शन और प्रोत्साहित करने और कैरियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर राजेश पांडेय, नसरीन हक, विनय सिंह, देवेंद्र सिंह, अभिलाषा, पूनम, रुपेश, नंदलाल, विकास, इंतियाज, शहेला, गीता व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोक थाम को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स के साथ बैठक की



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम हेतु आज समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर यशोधरा, संलग्न पदाधिकारी, उत्तरी वन प्रमंडल गढ़वा, बिबिन बेन्नी अब्राहम समेत कई वरीय पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, नंद देव बैठा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने भाग लिया, साथ हीं अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

# पंकज भुइयां के श्राद्ध क्रम में मुखिया प्रतिनिधि ने किया सहयोग

**मृतक के नेत्रहीन पत्नी के भरोसे तीन पुत्री और एक पुत्र**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत के चेचरिया गांव निवासी सिठू भूईया के 30 वर्षीय पुत्र पंकज भूईया के हार्ट अटैक से मृत्यु हो गया था। जिसके श्राद्ध कार्यक्रम के लिए बलीगढ़ पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने एक टीना रिफाइन सहित अन्य सामग्री देकर ढांढस बढ़ाया। मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने मृतक के परिजनों से मिलकर मृतक के पत्नी के पेंशन स्वीकृति, पारिवारिक लाभ से लाभान्वित होने के लिए मृतक के परिजनों से मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए कहा। मौके पर छोटन कुमार सिंह, रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, उमेश राम सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

**कैसे करेगी चार बच्चों की परवरिश नेत्रहीन मां:** मृतक पंकज भुईया की पत्नी रानी देवी 29 वर्ष के जीवन में पहाड़ टूट गया। 1 वर्ष पहले आंख से दिखायी देना धीरे-धीरे करके बंद हो गया। किसी प्रकार अपना प्रतिदिन की क्रियाकलाप बच्चो के सहारे करती है। पिछले दिनों नेत्रहीन महिला की पति पंकज भुइया की मौत हो गयी। पति के मरने के बाद रानी देवी के जीवन में अंधेरा ही छा गया। अब चार बच्चों का पालन पोषण करना एक पहेली बन गया है। यह पहेली हल हो पाएगी की नहीं मृतक के तीन पुत्री और एक पुत्र है। बड़ी पुत्री मनीषा कुमारी 6 वर्ष, अंशु कुमारी 4 वर्ष, अनेशा कुमारी 3 वर्ष और सबसे छोटा पुत्र तीन माह का है।

## भवह को जमकर पीटा, घायल

बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा थाना क्षेत्र के वरछाबांध गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर भसुर ने भवह को जमकर पिटाई कर दी। जिसमें बरछाबांध गांव निवासी बुद्धि यादव के 45 वर्षीय पत्नी लालती देवी बुरी तरह घायल हो गयी। इधर परिजनों के द्वारा घायलावस्था में लालती देवी को मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। महिला के पैर के अलावे शरीर की अन्य अंगों में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर इस संबंध में घायल महिला लालती देवी ने बताई कि मेरे भसुर विक्रमा यादव के बैल का तबियत पिछले लगभग दो माह पहले से खराब था। जिसका इलाज भी चल रहा था। और शुक्रवार शाम को बैल कि मौत हो गयी। उसके पश्चात विक्रम यादव अपने परिजनों के साथ मरे हुए बैल को मेरे दरवाजे पर ले आये। और गाली गलौज करते हुए उन लोगों ने बोला कि तुम डायन हो। आखिरकार तुमने मेरे बैल को खा गयी हो। इस मरे हुए बैल को भी खाओ। इसके बाद विक्रम यादव उनकी पत्नी सत्ती देवी, पुतोह रीमा देवी और उषा देवी गुस्सा में मेरे घर में घुसकर लाठी डंडे से पीटते हुए पटक पटक कर मारने लगे। जिसमें मैं घायल हो गयी। उपरोक्त लोगों ने मेरे अलावा मेरे 13 वर्षीय पुत्र गुड्डू यादव की भी पिटाई कर दी, जिसके कारण गुड्डू यादव के दाहिना आंख गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## शैक्षणिक संस्थाओं के निकट तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री पर रोक

कांडी (आजाद सिपाही)। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के निकट तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री की मिल रही सूचना को ध्यान में रखकर गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के 100 गज के दायरे में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंध आदेश लागू कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसी सूचना मिल रही है कि अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के सौ गज के दायरे में तंबाकू, तंबाकू से बने उत्पाद व सिगरेट आदि का धड़ल्ले से विक्रय किया जा रहा है। जो सीओटीपीए ऐक्ट की कंडिका 6 में वर्णित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद नहीं बेचेगा, बेचने के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। यह प्रतिबंध आदेश 7 जून 2024 की सुबह 6:00 से अगले 60 दिनों तक लागू रहेगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/01/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के प्रखण्ड डोमचाँच अन्तर्गत ग्राम+ पंचायत कुण्डीधवार से मसमोहना के दुलकी नदी पर पुल निर्माण | 21024800.00 | 420500.00 | 10000.00 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –14.06.2024.
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं० – 7903003903 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 325508 Rural Work Department (24-25)_D

## कार्यालयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

### भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा विशेष लोक अदालत 2024का आयोजन

(दिनांकः– 29.07.2024 – 03.08.2024)

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी सम्बधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी– गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध हैं, कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रकिया में भाग ले सकते हैं।

लोक अदालत के फायदेः–
1. त्वारित समझौता और विवादों का निपटारा
2. अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
3. विवादों का लागत प्रभावी समाधान
4. कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी संपर्क कर सकते हैं। जानकारी वेबसाइट http://www.sci.goi.in/ पर उपलब्ध हैं।

**सम्पर्क हेतु विवरण**
कार्यालयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला
मो0–9905571507, मो0–7991171724

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

PR 325602Law(24-25)#D

## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा
### शुद्धि पत्र
PR No. 321096

इस कार्यालय के पत्रांक 62/जि0प0 दिनांक 01.03.2024 PR No. 321096 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2023–24 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 325617 Panchayati Raj(24-25).D

## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा।
### अति अल्पकालीन नीलामी सूचना
### मेघातरी बस पड़ाव

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में (01.07.2024 से 31.03.2025 तक कुल 09 माह की अवधि के लिए) मेघातरी बस पड़ाव की बंदोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथि को की जायेगी–

| क्र0 | बस पड़ाव का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बस पड़ाव मेघातरी | 7468389.00 | 746839.00 | 18–06–2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय हो, आवेदन पत्र (दस्तावेज सहित) के साथ संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते है। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक
पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 325579 Panchayati Raj(24-25)D

## Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand.

### NOTICE INVITING RE-TENDER

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites re- tenders under two bid system (Part-I : Technical Bid and Part II : Financial Bid), from experienced and reputed contractor / firms / agencies / companies only for **"Construction of the Main Entrance Gates for the Department of Zoology and Examination at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand".**

| S. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Publication of Re-Tender Document in University Website | 09.06.2024 at 04:00 PM |
| 2. | Last Date & Time for Submission of Tender Documents | 20.06.2024 till 01:00 PM |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section-Officer (General) or from the University Website: **www.dspmuranchi.ac.in.**

Memo : DSPMU/G/473/24
Dated : 09.06.2024

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi

## कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –NREP/HAZARIBAG/01/2024-25

दिनांक 07.06.2024

मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22.06.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 29.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com

निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बड़कागाँव | ग्राम आराहरा में झण्डा चौक से जितन महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 10529438.00 | 10000.00 | 211000.00 | नौ माह |
| 2 | चुरचू | ग्राम फुसरी वार्ड नं0–15 में 44 मोड़ से लेकर 44 कॉलनी बोकारो नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13042531.00 | 10000.00 | 261000.00 | नौ माह |
| 3 | केरेडारी | ग्राम पतरा खुर्द में लक्ष्मण महतो के घर से आर0ई0ओ0 रोड तक पथ निर्माण। | 22089854.00 | 10000.00 | 442000.00 | नौ माह |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित योजनाओं के लिए ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)/पथ निर्माण विभाग में पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :–
केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग।

PR 325520 (Rural Development) 24-25 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, RANCHI.
(ROOM NO-503, JAL BHAWAN, DORANDA-834002)

### Very Short Notice Inviting e-quotation
Notice No.- 02/2024-25

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ Authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN on materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from

10.06.2024 at the 11:30hrs. to 18.06.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 19.06.2024 at 16:00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

PR 325488 (Water Resource) 24-25 (D)

## कार्यालय–प्रमंडलीय प्रबन्धक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल हजारीबाग
dm.haz_jsfdc@yahoo.in

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निगम मुख्यालय राँची के निर्देशानुसार वर्ष 2024 के लिए हजारीबाग प्रमण्डल अन्तर्गत प्रयोक्ता अभिकरण एवं अन्य से प्राप्त लकड़ियों को चरही/कर्माला/चौपारण/झुमरा वनागारों में भंडारित सखुआ, शीशम, हार्ड उड, सॉफ्ट उड, जलावन, खैर, पोल, खूँटा एवं अन्य विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमंडलीय कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है। वनागारों में आम नीलामी की तिथि अगले चार माह के लिए निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

| वनागार का नाम | जून 2024 | जुलाई 2024 | अगस्त 2024 | सितम्बर 2024 |
|---|---|---|---|---|
| चरही वनागार | 12.06.2024 | 10.07.2024 | 13.08.2024 | 10.09.2024 |
| कर्मषाला वनागार | 12.06.2024 | 10.07.2024 | 13.08.2024 | 10.09.2024 |
| झुमरा वनागार | 18.06.2024 | 16.07.2024 | 20.08.2024 | 18.09.2024 |
| चौपारण वनागार | 25.06.2024 | 23.07.2024 | 27.08.2024 | 24.09.2024 |

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल, हजारीबाग

PR 325332Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

# गंदगी देख मांडर विधायक ने लगायी कर्मियों को फटकार



**शिल्पी नेहा तिर्की ने किया लापुंग सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, बैम एवं बीपीएम मरीजों को उनके हालत में छोड़ अपने नीजि काम को लेकर इधर-उधर चले जाते हैं। जिस कारण मरीजों की सही देख रेख एवं इलाज नहीं मिल पा रहा है। इससे वहां के लोगों में काफी नाराजगी है। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को दी। जिसके बाद उन्होंने शनिवार को लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी कमियों को जानने का प्रयास किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की हालत खराब देखकर विधायक ने नाराजगी चाहिर करते हुए सभी कर्मचारियों को बुलाकर फटकार लगाई। इस मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मज्य पाठक, फिरू साहू, गंगी जी, चरकू भगत, दुर्गा भगत आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत सस्ता व सुलभ न्याय का साधन : जस्टिस दिवाकर

# 115 वादों का निष्पादन, 4.87 करोड़ की राशि का सेटलमेंट

**मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



पक्षकारों के बीच चेक का वितरण करते न्यायायुक्त।

**अनगड़ा।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और न्यायायुक्त सह रांची डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में शनिवार को मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इससे पहले गत तीन से सात जून तक रांची व्यवहार न्यायालय परिसर में पक्षकारों के साथ मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों पर समझौता के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की गयी थी। विशेष लोक अदालत (मोटर दुर्घटना दावा मामले) के लिए लिये एक बेंच का गठन किया गया। जिसमें पीओएमएसीटी मनीष, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, चीफ लिगल ऐड डिफेंश काउंसेल आदि उपस्थित थे। इस विशेष लोक अदालत में कुल 500 चिन्हित वादों के निष्पादन के लिए बेंच के समक्ष रखा गया था। जिसमें कुल 115 वादों का शनिवार को निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल चार करोड़ 87 लाख 45 हजार रुपये समझौता राशि प्राप्त करने के बाद राशि को पीड़ितों एवं उनके आश्रितों के बीच बांटा गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त के हाथों विभिन्न पक्षकारों के बीच चेक का भी वितरण किया गया है।

# अंगारों पर नंगे पांव चले शिवभक्त, दिखायी आस्था



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में शनिवार को वार्षिक मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान जनेऊ धारण पूजा, लोटन सेवा के साथ शुरू हुआ। नगड़ी के ऐतिहासिक मंडा पूजा में इस वर्ष 300 पुरुष भोक्ता व 300 महिला सोगताईन भाग ले रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी आशुतोष पांडेय व युगल दास गोस्वामी और पाट भोक्ता वरुण महतो की अगुवाई में किया गया। लोटन सेवा के तहत शिवभक्तों ने नंगे बदन तपती जमीन पर लोटकर अपनी भक्ति व आस्था का परिचय दिया। वहीं भोक्ताओं ने भगवान शिव व माता पार्वती के प्रति अपनी आस्था जतायी। इससे पहले शुक्रवार को शिवभक्त दहकते अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति, आस्था व शक्ति का परिचय दिए। रात में पश्चिम बंगाल की टीम की ओर से द्वारा छऊ नृत्य पेश किया गया। वहीं, शनिवार को झूलन के दौरान शिवभक्तों ने श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाये। जिसे पाने की ललक श्रद्धालु महिलाओं के बीच देखी गयी। शाम में पड़हा जतरा व रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष आदित्य केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष बालकरण महतो, महामंत्री प्रभात महतो, कोषाध्यक्ष मनीष केसरी, उप कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, दौलतराम केसरी, तपेश्वर केसरी, केदार महतो, बुड़ामणि महतो, डॉ त्रिवेणीनाय साहू, मधुसुदन साहू, शंकर चौधरी, शशिभूषण भगत, दिनेश केसरी (मेडिकल), परमानंद साहू, प्रेमसागर महतो, रामजीवन केसरी (कपड़ा), हेमंत केसरी, सुरेश महतो, गणेश पहान रघुनंदन महतो, दीपक केदारी (घर संसार), दीपक केशरी (गुगु), कमलेश केसरी (पत्रकार), दीपक केसरी (पंस, नगड़ी), शीला देवी (पंस, नगड़ी), बलराम साहु, राहुल चौधरी, पंकज राज, रवि केसरी(स्कूल), बसंत उरांव, जलधर महतो, राजकुमार केसरी (डीलर), गिरधारी गोप, अरबिन्द केशरी, महावीर महतो, तपोस महतो, सुमन महतो, अनिल चोधरी अरुण प्रमाणिक, राजू मुण्डा (उ. मुखिया), स्वयंवर महतो, दीपक सिंह लक्ष्मीनाथ महतो, दीपक केसरी आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रमुख कार्यालय में लगा गंदगी का अंबार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित प्रमुख कार्यालय के अंदर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां प्रतिदिन विभिन्न समस्याओं को लेकर सैकड़ों लोग पहुंचते हैं। कुर्सी व फर्स पर गंदगी पसरी है। बादाम के छिलके सहित अन्य छिटपुट कचरा भी बिखरा रहता है। यहां जिम्मेदार गंदगी के बीच रहकर स्वच्छता की अलख जगा रहे है। यहां स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि अनजान बनकर बैठे है। इसे देखने के बाद प्रशासन द्वारा किये जा रहे स्वच्छता के सभी दावे बेकार साबित हो रहा है। इसकी तस्वीरें खुद बयां कर रही है कि कैसा स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है। वहीं पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय ने कहा कि कार्यालय पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। जरूरी चीजों का रख-रखाव भगवान भरोसे है। स्वच्छता व सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने वाले खुद ही सफाई के महत्व से अनजान है। कार्यालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने कुर्सियों पर फैली गंदगी व रख रखाव बेहतर न होने, कार्यालय परिसर गंदा होने, आलमारी पर कबूतर द्वारा घोसला बना होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने बीडीओ से उक्त मामले को संज्ञान में लेने का आग्रह किया है। ताकि भविष्य में इस तरह का पुनरावृत्ति न हो।

# छत से गिरकर गार्ड की मौत, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** बरगावां पंचायत अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप कृपा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी की ओर से किए जा रहे बिल्डिंग निर्माण में तैनात गार्ड की संदिग्ध परिस्थिति में छत से गिरकर मौत हो गई। उसकी पहचान पुरुषोत्तम तिवारी (30) के रुप में हुई है। जो कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था। जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम मूल रुप से डाल्टेनगंज का रहने वाला था। बताया जा रहा कि पुरुषोत्तम शुक्रवार देर रात तक निर्माण हो रही बिल्डिंग के मुख्य गेट पर तैनात गार्ड श्रवण झा से बात कर सोने चला गया। जिसके बाद शनिवार की सुबह श्रवण ने बिल्डिंग के नीचे पुरुषोतम को मृत अवस्था में पाया। इसके बाद कंपनी में मौजूद सिक्योरिटी एवं कर्मियों ने बिना पुलिस को सूचना दिए पुरुषोत्तम को रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया और वहां से भाग निकले। वहीं, नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि पुरुषोत्तम छत से कूदकर आत्महत्या किया है या उसकी मौत गिरने से हुई है। पुलिस जांच कर रही है।

# सांस्कृतिक धरोहर को बचाये रखना हम सभी का कर्तव्य: राजकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिठोरिया।** कांके प्रखंड अंतर्गत बोडेया पंचायत में मंडा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 125 भोक्ताओं ने आकाश से आस्था के फूल उड़ाए। इसमें मेले का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड के संरक्षक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, अशोक कुमार साहू, केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो, महासचिव उदय पासवान, संयोजक मुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष भोला चौधरी, रणजीत राम, कोषाध्यक्ष विश्वजीत गोप, प्रदीप साहू, रामस्वरूप साहू मौजूद थे। केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि मंडा पूजा यहां के नागवंशी राजाओं एवं अपने पूर्वजों से विरासत में दिए हुए पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर है। इसे बचाए रखना हमारा कर्तव्य है। साथ ही मण्डा पूजा हमें दिखता है कि हम सभी समाज और हर वर्ग के जाति एक साथ मिलकर सौहार्द के साथ पूजा करते हैं जो हमें एक सूत्र में पिरोने का काम करती है। संरक्षक स्वामी जी ने कहा कि मण्डा पूजा झारखंड के सांस्कृतिक पहचान है। इसे संरक्षण की आवश्यकता है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू, मुखिया सह संरक्षक सोमा उरांव, रितेश तिवारी, आदित्य महतो, दीपेन साहू, परमानंद, अरुण साहू, नितेश गाड़ी, रामप्रसाद साहू, संतु कुमार महतो, प्रमोद साहू, प्रकाश साहू, भीम सिंह, रंजीत साहू, बबलू गोप, अमित साहू आदि थे।

# जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने किया डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला परिषद मैदान में लगे डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन शनिवार को जिला परिषद की अध्यक्षा शारदा सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन हमलोगों को मनोरंजन देता है। मेले में इस बार केरल से फिश वाटर टनेल लाया गया है, जो धनबाद के लोगों के लिए नया है। डिजनीलैंड हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करता है। गर्मी की छुट्टी भी चल रही है, तो सभी आए और मेले का आनंद उठाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय, भाजपा नेता शेखर सिंह और जेपी अस्पताल के चेयरमैन नित्यानंद मंडल मौजूद थे। मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी एवं बिपलव चक्रवर्ती, पगड़ी बाबा ने मुख्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। मेला प्रतिदिन शाम 4 बजे से शुरू होगा जो रात 10 बजे तक चलेगा। इस बार मेले का मुख्य आकर्षण अंडर वाटर फिश टनेल है। इसके अलावा ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चान्द्तारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर, और हॉर्स राइड जैसे मनोरंजन के समान मौजूद है। मेले में विभिन्न प्रांतों से आये स्टॉल लगे हैं जिसमें सहारनपुर फर्नीचर, बनारसी सिल्क साड़ी, सहित 50 से अधिक स्टाल आदि है। मेले में लोगो के खाने पिने के लिए पानी पूरी, भेल पूरी चाट चोमिन, पिजा बर्गर से लेकर स्वदेशी लिट्टी चोखा तक का आनंद लोग उठा सकेंगे।

# भीषण गर्मी में लो वोल्टेज से बेड़ोवासी हुए परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिस कारण जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित है। ऐसे में लोग काफी परेशान है। प्रखंड में इन दिनों बिजली कि लो वोल्टेज से प्रखंड वासी खासे परेशान दिख रहे हैं। इसका सर्वाधिक दंश विद्यार्थियों को झेलना पड़ रहा है। एक ओर जहां सरकार द्वारा प्रत्येक घरों में बिजली पहुंचाए जाने से लेकर नियमित बिजली आपूर्ति के वादे किए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौनी खेल एवं लो वोल्टेज से ग्रामीण खासे परेशान हैं। लो वोल्टेज से एसी, कूलर, पंखे, फ्रिज सहित सारे उपकरण बेकार साबित हो रहे हैं। लो वोल्टेज रहने से मोटर नहीं चल पा रहा है। जिससे गर्मी में पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से लो वोल्टेज को अविलंब ठीक कराने की मांग की है। इधर, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अशोक प्रिय ने बताया कि रविवार को लो वोल्टेज ठीक करने का कार्य किया जाएगा।

# नवागढ़ में आइएसओ प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ आदिवासी आदर्श पंचायत में पंचायती राज्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से विभा सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार को आइएसओ सर्टिफिकेशन संबंधित प्रशिक्षण आयोजित की गई। पजिसमें संस्था के अशोक त्यागी ने कहा कि इस नवागढ़ पंचायत को झारखंड सरकार की ओर से आइएसओ सर्टीफिकेशन के लिए चयन किया गया है। इसे सर्टिफिकेट के मिल जाने से इस पंचायत का नाम अंतर्राष्ट्रीय सूची में शमिल हो जाएगा। इस लिए इसके मानकों पर कार्य करना है। साथ ही आवशयक मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर कृति, पंचायत सचिव धनेश्वर महतो, निलम हेम्बरम,टी.आर.आई के पार्वती कुमारी, उज्ज्वला देवी, एस्टीआई हब के पहलू बेदिया, रोहित शाही, संजय बेदिया, दिलीप मिर्धा, गंगाराम मुण्डा, प्रेमलता देवी आदि थे।

## परम प्रसाद संस्कार का आयोजन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** दृढीकरण और पहले परम प्रसाद संस्कार के लिए रांची धाम के प्रांतीय बिशप विंसेंट आइंद शनिवार को ब्रांबे पहुंचे। शनिवार की सुबह कुल 90 बच्चों को उनके द्वारा संस्कार दिया गया। इस दौरान मलटोटी चौक से पल्ली कैंपस तक बिशप स्वामी का स्वागत खुला जीप में किया गया। मौके पर ब्राम्बे पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर इन्नुरियुष केरकेटा, लिवोन फेडरेशन हाउस के निदेशक फादर प्रदीप मिंज, सहायक फादर रोशन टोप्पो, फादर असीम मिंस, कैथोलिक सभा के अध्यक्ष रोशन तिग्गा, महिला संघ की सभा नेत्री रजनी आदि मौजूद थे।

## रातू में कार-ट्रक की टक्कर, दो घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रातू चट्टी स्थित सीएनराज हाई स्कूल के पास शनिवार की सुबह 11 बजे लोहरदगा से रांची की ओर तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से टकरा गई। जिससे कार में सवार दो लोग घायल हो गए। उनकी पहचान लोहरदगा के गुलाम सरवर और रिजवान शोएब के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीसीआर 29 ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। रातू पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर थाना ले आयी है। जबकि ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया।

## लोगों के बीच पानी बोतल और ओआरएस पैकेट का हुआ वितरण

# तपती गर्मी में रखना होगा अपना ख्याल: कमलेश बेहरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश और झालसा के सदस्य सचिव के मार्गदर्शन में शनिवार को रांची डालसा एवं रॉटरी क्लब ऑफ रांची के संयुक्त प्रयास से छठवें दिन भी प्रचंड गर्मी को देखते हुए रांची के वेंडर सब्जी मार्केट, नागा बाबा खटाल के पास स्टॉल लगाकर राहत सामग्री के रूप में पानी का बोतल और ओआरएस का वितरण किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, रॉटरी क्लब रांची के प्रेसिडेंट, डॉ विनय कुमार ढनढनिया, विशेषज्ञ मध्यस्थ सह सदस्य, रॉटरी क्लब रांची राजीव कुमार मोदी, शशांक मोदी, आंचल मोदी, एलएडीसीएस अधिवक्ता, सौरभ पांडेय, वीरेंद्र प्रताप, पीएलवी प्रीति पाल, स्नेहलता दूबे, संपा दास, विक्की चौधरी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू एवं प्रचंड गर्मी से प्रभावित लोगों को लेकर अलग-अलग अखबारों में कई रिपोर्ट प्रकाशित हो रहे हैं। जिस कारण दैनिक मजदूर, खुले सार्वजनिक स्थानों पर तैनात व्यक्ति, फूठपाथ पर रहनेवाले छोटे विक्रेता, यातायात पुलिस एवं अन्य लोग प्रभावित हो रहे है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण कड़ी धूप में काम करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिसे पूरा करने के लिए ही डालसा की ओर से रोटरी क्लब रांची के सहयोग से पानी का बोतल और ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर 13 जूलाई को होनवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। कहा कि जरूरतमंदों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण कार्य जारी रहेगा।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 11089, दिनांक 08.06.2024 मैं, मो. अमन अहमद, पिता- जहीर अब्बास, रेडियो स्टेशन का निवासी। पिर्रा, पो॰ थाना- रातु जिला. रांची, झारखण्ड एतद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता है और निम्नानुसार घोषणा करता है। 1. कि मेरा नाम मो. अमन अहमद है। जो मेरे आधार कार्ड में अकित है, उसका आधार नंबर 8685 8941 6362 है। 2. मेरे पासपोर्ट में, पासपोर्ट नंबर, MB 129036 होने पर, मेरा नाम अमन अहमद लिखा है। 3. वह मो. अमन अहद और अमन अहमद एक ही व्यक्ति हैं। 4. कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम मो. अमन अहमद है। 5. कि मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम सुधारने के लिए इस शपथ पत्र की शपथ लेता हूं। दिनांक 9 जून 2024 को रांची में शपथ ली और हस्ताक्षर किये

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 2645, दिनांक 02.03.2024 मैं. गोविन्द कुमार (GOVIND KUMAR) पिता श्याम देव महतो, उम्र लगभग 40 वर्ष धर्म-हिन्दू, पेशा कृषि, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास स्थान ग्राम-साण्डी कोयरी टोला, पो०- भरेचनगर, थाना-माण्डू, जिला- रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित व्यान करता हूँ कि 1. यह कि, मेरा सही व वास्तविक नाम गोविन्द कुमार (GOVIND KUMAR) है जो मेरे आधार कार्ड सं0-5862 6020 4568 एवं पैन कार्ड सं0-GLM1741309 में दर्ज है। 2. यह कि मेरे नाम से बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मरार में एक बचत खाता है जिसका खाता सं0-497810110003140 में मेरा नाम गोविन्द महतो (GOVIND MAHTO) दर्ज है। 3. यह कि. गोविन्द कुमार (GOVIND KUMAR) एवं गोविन्द महतो (GOVIND MAHTO) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं स्वय हूँ। 4. यह कि, शपथ पत्र मैं बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मरार में अपना दर्ज नाम गोविन्द महतो (GOVIND MAHTO) के स्थान पर अपना सही व वास्तविक नाम गोविन्द कुमार (GOVIND KUMAR) दर्ज करवाने हेतू बैंक के संबंधित पदाधिकारी को दे रहा हूँ। 5. यह कि, उपरोक्त कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य व सही है।


## जनहित का कार्य करना मेरी प्राथमिकता: अनूप



आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने जरीडीह प्रखंड में शनिवार को कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें अराजू पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक का उद्घाटन भी शामिल है। उक्त कार्य लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से होना है। इसके अलावा भस्की पंचायत टेंगीकुदर हारगा टुंगरी आरईओ रोड़ स्थित परशुराम मांझी के घर से लेकर रामनाथ मांझी के घर के आगे तक लगभग 500 फीट पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। यह कार्य पांच लाख की लागत से किया जाएगा। गायछन्दा पंचायत बासगोड़ा मुस्लिम टोला स्थित नया मस्जिद के जमीन के सामने विवाह मंडप का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जो पांच लाख रुपए की लागत से निर्माण होगा। गायछंदा के कौरटांड़ स्थित बेलडीह खेत से सड़क किनारे तक गार्डवाल का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य 2 लाख रुपए की लागत से होना है। इसके अलावा अरालडीह पंचायत बनचास टोला दोड़ाबेड़ा स्थित मंसु मांझी के घर से लेकर शिवधन मांझी के घर तक लगभग 300 फीट पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य दो लाख रुपए की लागत से होगा। अरालडीह पंचायत बनचास टोला लेड़गोड़ा स्थित गोर्वधन मांझी के घर से लेकर सानु मांझी के घर तक लगभग 150 फीट पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य डेढ़ लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बेरमो विस क्षेत्र में जनहित के कार्य करना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, विधायक के निजी सचिव बिनोद महतो, राजेश सिंह, उपमुखिया मुरलीधर साव, झामुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज मरांडी, राजू तिवारी, सुबोध मिश्रा, सनत मिश्रा, उमेश गांझू, बलराम तिवारी, महेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## दलित समाज के गौरव हैं सांसद वीडी राम बनाया जाये केंद्रीय मंत्री : विजय रविदास



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा भाजपा नेता सह विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वीडी राम लगातार तीसरी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। वे दलित समाज के गौरव हैं। इनकी जमीनी पकड़ भी काफी मजबूत है। प्रशासनिक अनुभव भी है। इसलिए उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया जाना चाहिए। इस संबंध में विजय रविदास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि इसी वर्ष झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है। वीडी राम को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने से दलित समाज में एक अच्छा संदेश जायेगा। दलित समाज का भाजपा से जुड़ाव और बढ़ेगा। जिससे हमें राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने में आसानी होगी।

## पलामू के सभी स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में नहीं बिकेंगे तंबाकू

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देशानुसार मेदिनीनगर सदर के अनुमंडल दण्डाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने युवाओं को नशे की लत से बचाने और पलामू जिले के स्कूलों समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू करने का निर्देश दिया हैं। यह निषेधाज्ञा शुक्रवार की सुबह से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगा। राज्य सरकार से मिली गाइडलाइन के आलोक में यह निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक के लिए जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है। इसके रोकथाम के लिए जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में धारा 144 लगाने के आदेश पर अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर ने कोप्टा एक्ट के कंडिका-06 में वर्णित निषेधाज्ञा के तहत यह आदेश जारी करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद नहीं बेचेगा या बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा। बिक्री करने की भी अनुमति नहीं देगा।

## बालू उठाव को लेकर मारपीट में वांक्षित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत रजवार गांव के समीप बटाने नदी में बालू उठाव को लेकर हुई मारपीट में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान रजवार गांव निवासी महेंद्र भुईयां (32) के रूप में हुई है। तरवन निवासी विनोद मेहता ने महेंद्र सहित पांच लोगों के खिलाफ विगत दिनों हरिहरगंज थाना में कांड संख्या 126/23 दर्ज कराया था। उक्त मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं, फरार चल रहे महेंद्र को भी अंततः गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। इस मामले में अभी भी एक आरोपी फरार है। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मारपीट में शामिल फरार अंतिम आरोपी को भी जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

## टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर दिखाया जायेगा इंडिया-पाकिस्तान का मैच

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** टी-20 वल्ड कप 2024 में रविवार की रात 8 बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। मेदिनीनगर नगर निगम व जिला प्रशासन के तत्वाधान में शहरवासियों को मैच का आनंद लेने के लिए न्यू टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच प्रसारण की व्यवस्था की गयी है। सभी क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने आ सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 250 पास का वितरण भी किया जायेगा वहीं 100 रुपये के शुःल्क पर कॉम्प्लिमेंटरी ड्रिंक्स भी उपलब्ध रहेंगे।

# सैलून संचालक की हत्या

## गले पर धारदार हथियार के गहरे घाव के मिले निशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक के समीप डाक बंगला भवन से शनिवार की सुबह सैलून संचालक सोनू ठाकुर का शव बरामद हुआ। शव के गले पर गहरे घाव के निशान हैं। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक पांकी मुख्यालय के पुरानी पांकी का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। साथ ही संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, मृतक सोनू ठाकुर के स्वजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह नौ बजे के बाद वह घर से निकला था। उसने नुरू के एक व्यक्ति से 10 हजार रुपए कर्ज लिए लिया था। वह व्यक्ति उससे पैसे वापस देने की मांग कर रहा था। इससे सोनू काफी तनाव में था। इसकी सूचना पाकर राष्ट्रीय नाई महासभा जिला अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर मृतक के घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

## ट्रेन से गिर कर किशोर की मौत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत सीआइसी सेक्शन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर 15 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। किशोर का शव पोल संख्या 308/24 के पास से बरामह हुआ। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी गढ़वा रोड आरपीएफ सहित नौगढ़ा ओपी पुलिस को दी। खबर पाते ही नौगढ़ा ओपी प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में सरकारी प्रक्रिया पूरी कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान गढ़वा जिले के डंडा थाना के निमिया गांव निवासी चंदन कुमार (15) के रुप में हुई है। मृतक के पिता किशुन चौधरी ने बताया कि चंदन की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। गुरुवार को वह अपनी बहन के शाहपुर स्थित ससुराल गया था। वहां से कब और कैसे वह लालगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा, इसकी कोई जानकारी किसी को नहीं है। बताते चलें कि लालगढ़ गांव कोयल नदी किनारे है। नदी के दूसरी ओर गढ़वा जिला का डंडा थाना स्थित निमिया गांव है। कयास लगाये जा रहे हैं कि मृतक डाल्टनगंज से गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ गया। गरीब रथ लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकती नहीं है। पर चंदन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह ट्रेन से छलांग लगा दिया होगा, जिससे उसकी मौत हो गयी होगी।

## कोयल नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज थानांतर्गत भीमचुल्हा शिव मंदिर के पास कोयल नदी में शनिवार की सुबह कुछ युवक नहाने गए थे। इनमें से एक के डूब जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान सोनू तिवारी के रूप में हुई है। वह बिहार के नबीनगर थानांतर्गत टंडवा का रहने वाला है, जो पेशए से कपड़ा फेरी का काम करता है। दोस्तों की मानें तो नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के बाद काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला। तब उन लोगों ने शोर मचाया, तो मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना मोहम्मदगंज पुलिस को दी। खबर पाते ही एएसआई सुबीर किस्कू सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक युवक की खोजबीन जारी थी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा थी।


''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ''

**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**-आमसभा की सूचना-**

निदेशक, समाज कल्याण, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक– 1260 दिनांक– 17.05.2024 से प्राप्त निदेशानुसार जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजना क्षेत्र में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों पर विभागीय अधिसूचना संख्या– 2239 दिनांक– 30.09.2022 के आलोक में सम्बन्धित बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की अध्यक्षता में आमसभा के माध्यम से चयन हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जा रही है–

| क्रम | परियोजना का नाम | आँ0 केन्द्र का नाम | रिक्त पद (सेविका/सहायिका) | आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्धारित पोषक क्षेत्र | आँ0 केन्द्र के पोषक क्षेत्र का बाहुल्य वर्ग | रिक्त पद पर चयन हेतु: आमसभा की तिथि | आमसभा की समय | आमसभा हेतु स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | हजारीबाग सदर (शहरी) | ओकनी बढ़ई टोला | सेविका | ग्वाल टोली, बढ़ई टोला, कहार टोली ओकनी | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 24.06.2024 | 11:00 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र, ओकनी बढ़ई टोला |
| 2 | हजारीबाग सदर (शहरी) | बड़ा बाजार मोची टोला | सहायिका | ग्वाल टोली, लोहार टोली, कान्दू टोला, मोची टोला | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 24.06.2024 | 02:00 PM | आँगनबाड़ी केन्द्र बड़ा बाजार मोची टोला |
| 3 | हजारीबाग सदर (शहरी) | कोर्रा घासी टोला | सहायिका | कोर्रा घासी टोला, देवांगना चौक | अनुसूचित जाति | 25.06.2024 | 11:30 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र कोर्रा घासी टोला |
| 4 | केरेडारी | कोदवे | सेविका | देसवारी मुंगवाटांड | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 25.06.2024 | 11:00 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र भवन |
| 5 | केरेडारी | बेंगवरी–1 | सेविका | बेंगवरी | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 25.06.2024 | 01:00 PM | पंचायत भवन |
| 6 | केरेडारी | सलगा–1 | सेविका | सलगा | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 26.06.2024 | 11:00 AM | पंचायत भवन |
| 7 | केरेडारी | मनातु | सेविका | मनातु, कोजिया | अनुसूचित जनजाति | 27.06.2024 | 11:00 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र भवन |
| 8 | केरेडारी | हेंदेगीर | सेविका | हेंदेगीर | अनुसूचित जनजाति | 28.06.2024 | 11:00 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र भवन |
| 9 | हजारीबाग ग्रामीण | भेलवारा–1 | सहायिका | ग्राम– भेलवारा तुरी टोला, रविदास टोला, मस्जिद टोला | अनुसूचित जाति | 25.06.2024 | 11:30 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र, भेलवारा–1 |
| 10 | हजारीबाग ग्रामीण | सुल्तानी | सेविका | यादव टोला, हरिजन टोला ग्राम– सुल्तानी | अनुसूचित जाति | 26.06.2024 | 11:30 AM | आँगनबाड़ी केन्द्र, सुल्तानी |
| 11 | हजारीबाग ग्रामीण | अमनारी–1 | सहायिका | ग्राम– अमनारी बीच मुहल्ला | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 29.06.2024 | 01:30 PM | पंचायत भवन, अमनारी |
| 12 | हजारीबाग ग्रामीण | रोला–1 | सहायिका | ग्राम– रोला भुईंया टोला, पाण्डेय टोला, लाला टोली, बढ़इ टोला | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 29.06.2024 | 11:30 AM | पंचायत भवन करबेकला |
